卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 158 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦15 मार्च 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## विधानसभा के बाहर तीसरे दिन भी कांग्रेस विधायकों का प्रदर्शन

भराड़ीसैंण (उद संवाददाता)। विधानसभ सत्र के तीसरे दिन भी भर्ती परीक्षा में भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर विधानसभा के बाहर कांग्रेस के विधायकों ने जोरदार प्रदर्शन किया। विपक्ष सत्र में देर तक नहीं आया, जिसके चलते विधानसभा सत्र की कार्यवाही शुरू होने से पहले ही 11.15 बजे तक सदन स्थगित कर दिया गया। बाद में कांग्रेसी विधायक सदन में पहुंचे और प्रश्नकाल शुरू हुआ। प्रश्नकाल में सदस्यों ने जनहित से जुड़े कई मुद्दे उठाये। इस दौरान सरकार की ओर से मंत्रियों ने अलग अलग सवालों के जवाब दिये। वहीं नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने सदन में मंगलवार की घटना के लिए खेद जताया। दोपहर बाद सदन में वित्त मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल बजट प्रस्तुत करेंगे। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 79 हजार करोड़ रुपये के बजट का अनुमान है। प्रदेश मंत्रिमंडल बजट प्रस्ताव को पहले ही मंजूरी दे चुका है। इससे पहले उत्तराखंड बजट सत्र के दूसरे दिन विधायी कार्य के साथ राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा हुई। वहीं, कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष के तेवर तल्ख नजर आए। सबसे पहले विपक्ष ने बेरोजगारी (शेष पृष्ठ सात पर)



## रैली निकालकर जताया सीएम का आभार

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा कठोर नकल विरोधी कानून लागू करने पर सैकड़ों युवाओं एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर के विभिन्न मार्गो पर रैली निकालकर धामी के पक्ष में जमकर नारेबाजी की साथ ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के संयोजक पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओ के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए हर वो कदम उठा रही है जिससे युवाओं का भला हो। प्रदेश के युवाओं का रुझान धामी सरकार की ओर बढ़ रहा है। प्रदेश का विकास का पहिया तेजी से दौड़ रहा है। इस दौरान किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री तरनजीत सिंह रानू, मंडल अध्यक्ष ध्रुव राणा,जिला मंत्री ओम नारायण राणा,उमेश अग्रवाल, जगदीश जोशी, धर्म सिंह बिष्ट,इंद्रपाल सिंह गोल्डी, दीप चंद राणा,मोहित अग्रवाल प्रमोद अग्रवाल, हेमंत राणा आदि कार्यकर्ता थे।



## जी-20 की आड़ में व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं: भुड्डी

### दुकानों को बचाने के लिए व्यापारियों का आंदोलन जारी, आज शाम निकलेगा मशाल जुलूस

रूद्रपुर (उद संवाददाता )। जी 20 की बैठक में आने वाले विदेशी मेहमानों को खुश करने के लिए प्रशासन द्वारा व्यापारियों के किये जा रहे उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। यदि प्रशासन का उत्पीड़न बंद नहीं हुआ तो इसके विरूद्ध अभी तो सिर्फ रूद्रपुर की कुछ मार्केट बंद हैं व्यापारी प्रदेश बंद करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। यह बात व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राजकुमार भुड्डी ने आज राममनोहर लोहिया मार्केट में व्यापारियों द्वारा किये जा रहे धरना प्रदर्शन स्थल पर पत्रकारों से बातचीत करते कही। उन्होंने कहा कि प्रशासन विदेशी मेहमानों का स्वागत करना चााहता है तो व्यापारी भी इसमें सहयोग करने को तैयार हैं। इसके लिए व्यापारी अपनी दुकानों के आगे फूलदार गमले, कालीन, तिरंगा झंडा भी लगा लेंगे। जिससे विदेशी मेहमान आकर्षित होंगे। लेकिन दुकानों को उजाड़ने के किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। श्री भुड्डी ने कहा कि अपनी दुकानें बचाने के लिए व्यापारी (शेष पृष्ठ सात पर)





## हादसे में सहकारी डेयरी प्रशिक्षण संस्थान की प्रधानाचार्या घायल

लालकुआ(उद संवाददाता)। सड़क हादसे में सहकारी डेयरी प्रशिक्षण संस्थान लालकुआं की प्रधानाचार्य देवकी सेमवाल घायल हो गयी। उन्हें उपचार के लिए चिकित्सालय भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक 45 वर्षीय देवकी सनवाल बीती शाम प्रशिक्षण संस्थान लालकुआं से ड्यूटी समाप्त कर स्कूटी से हल्द्वानी आरटीओ रोड स्थित अपने आवास को जा रही थी कि तीनपानी के समीप सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई, लोगों ने घायल प्रधानाचार्य को हल्द्वानी के निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां उनका वर्तमान में उपचार चल रहा है। दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रक को मंडी चौकी ने पकड़ कर सीज कर दिया है। सहकारी डेयरी प्रशिक्षण संस्थान की प्रधानाचार्य देवकी सेमवाल के घायल होने की सूचना पर नैनीताल दुग्ध संघ और यूसीडीएफ के अधिकारी अस्पताल में पहुंचे। नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा, सामान्य प्रबंधक निर्भय नारायण सिंह, डेयरी फेडरेशन के महाप्रबंधक डॉ एचएस कुटोला, प्रशिक्षण संस्थान के प्रभारी डॉ अजीत कुमार, दुग्ध संघ के विपणन प्रबंधक संजय भाकुनी, चंद्रा खाती, धन सिंह कोरंगा, वरिष्ठ दुग्ध निरीक्षक हरीश उपाध्याय, (शेष पृष्ठ सात पर)

## राशन डीलरों ने उपायुक्त खाद्य के समक्ष रखीं समस्याएं

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पाण्डे एवं जिला अध्यक्ष उद्यम सिंह नगर राजेन्द्र बाँगा



के साथ राशन विक्रेताओ का एक प्रतिनिधि मण्डल नवनियुक्त उप आयुक्त खाद्य एवं जिला पूर्ति अधिकारी विचिन कुमार से उनके कार्यालय मे मिला। प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष द्वारा राशन विक्रेताओं की(शेष पृष्ठ सात पर)

## दुकान में आग लगने से लाखों की क्षति,बड़ा हादसा टला

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मंगल पड़ाव स्थित सिंधी चौराहे पर सिंधी स्वीट्स के पास पान की दुकान में मध्य रात्रि अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। जिससे चौराहे पर मौजूद लोगों में अफरातफरी मच गई। सूचना मिलने पर दुकान स्वामी व दमकल की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। इससे आग आसपड़ोस की दुकानो में नहीं पहुंच सकी और बड़ा हादसा होने से टल गया। जानकारी के अनुसार सिंधी चौराहे पर वरूण तेजवानी की पान भंडार की दुकान है। मंगलवार रात करीब साढ़े 12 बजे वरूण तेजवानी दुकान बंद करके गए थे। वह घर पहुंचे ही थे कि 15 मिनट बाद पान भंडार के बाहर खड़े रिक्शा चालकों ने फोन कर बताया कि दुकान से धुंआ निकल रहा है। सूचना मिलते ही दमकल विभाग को फोन कर वह अन्य परिजनों के साथ दुकान की ओर दौड़ पड़े। इधर, सूचना मिलने पर दमकल विभाग के अधिकारी भी दो गाड़ियों को लेकर पहुंच गए। दमकल कर्मियों ने आधे घंटे मशक्कत कर किसी तरह आग पर काबू पा लिया। दुकान स्वामी वरूण ने बताया कि आग से उकान (शेष पृष्ठ सात पर)



**कृषि भूमि बिकाऊ**

7 एकड़ कृषि भूमि बिकाऊ है Highway (Rudrapur-Dehradun) से 2 किमी

**लोकेशन:** गदरपुर-गूलरभोज रोड पर

नजदीकी रेलवे स्टेशन:गूलरभोज(6 किमी)

नजदीकी एयरपोर्ट: पंतनगर (20 किमी)

नजदीकी शहर: गदरपुर (4 किमी)

वास्तविक खरीददार संपर्क करें-9891277500

## सर्किल रेट बढ़ाने के खिलाफ निबंधक कार्यालय का घेराव

किच्छा(उद संवाददाता)। सरकार द्वारा भूमि के सर्किल रेट बढ़ाए जाने के विरोध में गुस्साये लोगों ने बुधवार को विरोध प्रदर्शन कर निबंधक कार्यालय का घेराव किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश पनेरु की अगुवाई में सैकड़ों लोगो ने उपनिबंधक के कार्यालय के बाहर धरना दिया। प्रदर्शनकारियों ने आज तालाबंदी का ऐलान किया था जिसके चलते मौके पर भारी पुलिस तैनात रहा। बता दें सरकार द्वारा भूमि के सर्किल रेट बढ़ाए जाने पर किसान, व्यापारी, दस्तावेज लेखक, अधिवक्ता,कांग्रेसी तमाम संगठनो के लोग धरने पर बैठे हैं। उनकी मांग की है कि बढ़ाये गये सर्किल रेट वापस लिये जायें। पूर्व में भी उप जिलाधिकारी कोस्तुब मिश्र ने लोगों की मांग पर उच्चाधिकारियों से बात की थी तथा निराकरण हेतु समय मांगा गया था। किंतु सरकार द्वारा कोई निर्णय नहीं लिये जाने पर नाराज सैकड़ों लोगों ने बुधवार को उपनिबंधक कार्यालय को घेर लिया तथा जमकर नारेबाजी शुरू कर दी। प्रदर्शनकारियों ने आज कार्यालय में तालाबंदी का भी ऐलान किया था। जिसे लेकर पुलिस बल तैनात रहा। धरने का नेतृत्व कर रहे कोंग्रेसी नेता हरीश पनेरू ने कहा कि जब तक सरकार सर्किल रेट कम नही करेगी आंदोलन जारी रहेगा। वक्ताओं ने कहा कि सरकार ने किच्छा विधान सभा के लोगों के साथ सौतेला व्यहार किया है। विकास के नाम पर सर्किल रेट बढ़ा कर जनता का शोषण किया जा रहा है। सर्किल रेट बढ़ाए जाने आम आदमी का घर का सपना ही टूट गया है। इस अवसर पर मुख्य (शेष पृष्ठ सात पर)



## दहेजलोभियों ने दो विवाहिताओं को मारपीट कर घर से निकाला

काशीपुर(उद संवाददाता)। दहेज उत्पीड़न के दो अलग-अलग मामलों में लाखों रुपयों की नकदी व कार ना मिलने पर लोभी ससुरालियों ने विवाहिताओं को धक्के मारकर घर से बेघर कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पहली घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मानपुर दत्तराम, तहसील ठाकुरद्वारा, जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी मीनाक्षी पत्नी कृष्ण कुमार ने बताया कि दहेज में पांच लाख की डिमांड ना पूरी होने पर ब्रह्मनगर काशीपुर निवासी ससुराल वाले किशन कुमार, रमेश चंद्र राजबाला व सुधा उसका बुरी तरह उत्पीड़न करते हुए मारपीट करते हैं। पीड़िता का आरोप है कि दहेज की खातिर ससुराल वालों ने उसे धक्के मार कर घर से निकाल दिया। इसी तरह दहेज उत्पीड़न के एक अन्य मामले में पुष्प विहार आवास विकास कॉलोनी काशीपुर निवासी अमर सिंह की पुत्री अनीता भारती ने बताया कि दस लाख रुपए व कार की डिमांड पूरी ना होने पर मोहल्ला शिवनगर सुल्तानपुर (शेष पृष्ठ सात पर)

# लेफ्ट पाहा नहर की कवरिंग के लिए धनराशि जारी होने पर शुक्ला का किया जोरदार स्वागत

किच्छा(उद संवाददाता)। लेफ्ट पाहा नहर की कवरिंग के लिए प्रदेश सरकार से 5 करोड़ रुपए की धनराशि अवमुक्त करने पर वार्ड 7 एवं 8 गैस एजेंसी, पंत कालोनी एवं तहसील वार्ड की जनता एवं भाजपा कार्यकर्ताओ ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं पूर्व विधायक राजेश शुक्ला का आभार जताया। आयोजित सभा में पहुंचे पूर्व विधायक राजेश शुक्ला का वार्डवासियों ने दोनो वार्डो के बूथ अध्यक्ष राजेंद्र राठौर, चुरामनि सागर, नितेश शर्मा, सुरेन्द्र चौधरी व सभासद शोभित शर्मा के साथ फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। स्वागत से अभिभूत पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि शहर के बीच से गुजरने वाली लेफ्ट पाहा नहर गंदगी का अंबार बन चुकी है, लेफ्ट पाहा नहर जिन वार्डों से होकर गुजर रही हैं उन वार्डवासियों व शहरवासियों को गंदगी से निजात दिलाने के लिए नहर को कवर कर सड़क निर्माण कराने की घोषणा तत्कालीन मुख्यमंत्री से कराई थी जिसका शिलान्यास चुनाव से पूर्व प्रदेश के मुख्यमंत्री ने किया था प्रथम चरण में दो करोड़ रुपए से बिजली के खंभे व पाइप लाइन शिफ्टिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा द्वितीय चरण के लिए 10 करोड़



रुपए की स्वीकृति प्रदेश सरकार ने कर दी थी उक्त धन को अवमुक्त कराने के लिए कई बार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात किया एवं आग्रह किया कि स्वीकृत धनराशि को अवमुक्त किया जाए जिससे नहर को कबर कर सड़क निर्माण किया जा सके। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किच्छा शहर के बीच से गुजरने वाले लेफ्ट पाहा नहर की कवरिंग के लिए मेरे अनुरोध पर स्वीकृत 10 करोड़ रूपए में से 5 करोड़ रूपए अवमुक्त कर दिया है जिससे डेढ़ किलोमीटर नहर को कवर कर सड़क निर्माण का कार्य किया जाएगा। आज वार्डवासियों ने प्रदेश सरकार के मुखिया पुष्कर सिंह धामी का आभार जताने के लिए एवं मेरा धन्यवाद करने के लिए मुझे बुलाकर सम्मानित किया। कहा कि उनके द्वारा किए गए शिलान्यास के लिए स्वीकृत धनराशि अवमुक्त करके मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यह साबित किया कि चुनाव परिणाम बदलने से विकास रुकने वाला नहीं है। जनता पार्टी की सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के ध्येय को लेकर कार्य करती है। स्वागत करने वालो में मुख्य रूप से मोहन सिंह एरी, केवलानंद सौनारी, कैलाश चंद पाठक, बसंत बल्लभ पांडे, शेखर कश्यप, पवन कश्यप, पंकज वर्मा, रूप सिंह, घनश्याम पांडे, हरीश सक्सेना, कुंदन लाल खुराना, सभासद संदीप अरोरा, शक्तिकेंद संयोजक महेन्द्र पाल, सोनल कुशवाहा, मुकेश मिश्रा, नंदलाल, सुभाष तनेजा, ओम तनेजा, चांद जैदी, जगदीश यादव, राजेश कोली, मुकेश कोली, उमेश पाल, नितिन चरण वाल्मीकि, देवेंद्र शर्मा, आरती दुबे, मनोज सागर, पप्पू, भूपाल रावत, वेद राम, अजय कुमार सक्सेना समेत सैकड़ों वार्डवासी एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# नेत्र चिकित्सा शिविर में निःशुल्क हुआ चेकअप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। समाजसेवी संजय ठुकराल के जन्मदिन के उपलक्ष में प्रभु नेत्रालय के तत्वाधान में इन्दिरा कालोनी श्री रामलीला ग्राउण्ड में निशुल्क नेत्र जांच शिविर एवं स्वास्थ्य परीक्षण का शुभारम्भ पूर्व विधायक रामकुमार ठुकराल ने फीता काटकर किया। इस दौरान सर्जन डॉ शहलीन अहमद खान ने जरूरतमंद कई मरीजों की नेत्र जांच की। इस दौरान पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि जरूरत मंद लोगों के लिए प्रभु नेत्रालय जो कार्य



कर रहा है वह प्रशंसनीय हैं और ठुकराल परिवार हमेशा समाज हित में कार्यों में लगा रहा है और न कभी पीछे हटा है न कभी पीछे हटेगा उन्होनें कहा कि किसी भी गरीब एवम जरूरत मंद परिवार के साथ वह हमेशा खड़े हैं। इस दौरान समाजसेवी संजय ठुकराल का भी उनके जन्मदिन के अवसर पर भव्य स्वागत किया गया। श्री रामलीला कमेटी अध्यक्ष जगदीश सुखीजा, महामंत्री राजकुमार भुसरी, हरीश जल्होत्रा,पूर्व पार्षद महेन्द्र आर्या, कमल राणा, सूरज प्रकाश सुखीजा भोला, नफीस, बिटटू अरोरा वसीम त्यागी, विजय परूथी, भगवानदास,बंटी कोली आदि लोग उपस्थित थे।

# उत्तराखंड का लोक पर्व फूलदेई धूमधाम से मनाया

गदरपुर(उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 7 स्थित आंगनवाड़ी केंद्र पर उत्तराखंड की संस्कृति का लोक पर्व फूल देई धूमधाम से मनाते हुए फूलों के पौधों का वितरण करने के साथ एक दूसरे को शुभकामनाएं प्रदान की गई। आंगनवाड़ी केंद्र की कार्यकर्ती गीता सक्सेना द्वारा केंद्र में पंजीकृत बच्चों एवं उनकी माताओं तथा अन्य लोगों को बताया कि फूल देई, छम्मा देई, देणी द्वार, भर भकार, सौं देलि ,बारंबार नमस्कार, फूले



द्वार, फूल देई का परिचय देते हुए परिवार एवं देश की सुख समृद्धि की कामनाओं के साथ फूलों का त्यौहार मनाया गया स इस मौके पर सहायिका किरण बाला, वीना रानी, उषा रानी ,अमीषा, सौम्या, दक्ष, सुहानी, निशा ,बुशरा, युसूफ आदि मौजूद रहे।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# फूलदेई पर्व पर बच्चों ने किया देहली पूजन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड के लोक पर्व फूलदेई के अवसर पर मैत्री विहार और आनंद विहार कॉलोनी में बच्चों द्वारा देहली पूजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने पारंपरिक गीत गाकर सुख समृद्धि की कामना की। मुख्य रुप से यशस्वी जोशी ,किरन जोशी, काव्यांश भट्ट, जय भट्ट, आयुष्मान चौबे, रिधिमा



गुरुरानी, वेदांश गुरुरानी आदि बच्चों ने घर घर जाकर देहली पूजन किया।

# स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

नानकमत्ता(उद संवाददाता)।गुरु नानक देव स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर के चौथे दिन कार्यक्रम का शुभारंभ प्राथमिक विद्यालय गढीपट्टी की प्रधानाध्यापिका निर्मला अटवाल एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ सीता मेहता ने मां सरस्वती चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया । कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर प्रधानाध्यापिका ने स्वयंसेवकों उत्कृष्ट कार्य की सराहना की स्वयंसेवकों ने आज गढी पट्टी गांव में कार्यक्रम अधिकारी डॉ इंदु बाला के निर्देशन में स्वच्छता अभियान चलाया साथ में नुक्कड़ नाटक तथा महिला सशक्तिकरण एवं जल संवर्धन नशा उन्मूलन कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बौद्धिक सत्र में प्राचार्य डां सीता मेहता ने नशा उन्मूलन पर वक्तव्य देते हुए कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहना चाहिए नशा अपने साथ अपने परिवार एवं समाज को बर्बाद करने में अहम भूमिका निभाता है पुस्तकालय अनुभाग की सहायिका श्रीमती नीमा गोस्वामी ने कहा की यदि समाज को स्वास्थ्य दिशा में आगे बढ़ाना है तो समाज मातृ या



पितृसत्तात्मक होने के बजाय इनसे निरपेक्ष हो तो एक बेहतर सामाजिक संरचना तैयार होगी और स्त्री पुरुष समान रूप से सशक्त होंगे, इतिहास विभाग की प्राध्यापिका कामिनी राणा ने महिला सशक्तिकरण के बारे में एनएसएस के स्वयंसेवकों को जानकारी प्रदान कार यह बताया कि महिलाओं को हर क्षेत्र में समानता मिलनी चाहिए. .. साथ ही डॉ सरस्वती भट्ट, अफ्शा खान, प्रिया थापा ने भी विचार रखे और स्वयंसेवकों को विभिन्न जानकारी दी कार्यक्रम अधिकारी डॉ इंदु बाला ने विशेष शिविर से संबंधित जानकारी देते हुए आज के परियोजना कार्य के बारे में बताया बौद्धिक सत्र का संचालन डॉ मनोज जोशी ने एवं कविंद्र सिंह बोरा ने किया। सत्र के दौरान पूजा भट्ट रिंपी कौर, शीला भट्ट ने महिला सशक्तिकरण पर भाषण प्रस्तुत किए। इस अवसर पर हिंदी विभाग के प्राध्यापक तेज प्रकाश जोशी, रश्मि सारथी, आरती राणा ,ज्योति राना, मनोज कुमार ,रोशन कुमार, शोभा बोहरा दुर्गा नाथ गोस्वामी देवराम भी उपस्थित थे।

# श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया होला मोहल्ला पर्व

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। गुरुद्वारा श्री छेवी पातशाही मैं होला मोहल्ला पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया हजारों की तादाद में श्रद्धालुओं ने दरबार साहिब में शीश नवाकर सुख शांति की अरदास की। नगर के सिंह सभा के तत्वधान पर गुरुद्वारा छेवी पातशाही में होला मोहल्ला पर्व मनाया गया। 13 मार्च को गुरुद्वारा साहिब में रखे गए अखंड पाठ साहिब का भोग डाला गया। विभिन्न क्षेत्रों से हजारों की तादाद में सिख संगत गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर अपने को धन्य किया। गुरुद्वारा साहिब की पालकी को फूलों एवं गुरद्वारा साहिब को रोशनी से सजाया गया। गुरुद्वारा साहिब में धार्मिक दीवाना साहिब सजाया गया जिसमें फतेहगढ़ साहिब से बीबी रजवंत कौर खालसा,मोलेर कोटला से सूफी संत गुलाम कादरी, नानकमत्ता से कथावाचक गुरसेवक सिंह, नानकमत्ता से हजूरी रागी भाई संतोख सिंह, न्यू लाइट स्कूल की छात्राओं ने शब्द कीर्तन कर संगत को निहाल किया। सूफी संत गुलाम कादरी ने संगत को होला मोहल्ला पर्व के इतिहास की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। साथ ही संगत को गुरु के बताए मार्ग पर चलने का उपदेश दिया



युवाओं को नशे से दूर रहने का आह्वान किया। गुरुद्वारा छेवी पातशाही में गुरु का अटूट लंगर बताया गया। संगत ने गुरु का प्रसाद ग्रहण किया। सिंह सभा की ओर से धार्मिक, राजनीतिक सामाजिक, हस्तियों को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया। इधर पर्व पर सेवादार सेवा में जुटे रहे। होला मोहल्ला पर्व पर भारी सुरक्षा के मद्देनजर जगह-जगह पुलिस फोर्स तैनात रही। इस मौके पर सिंह नगर पंचायत के चेयरमैन प्रेम सिंह टुरना, सभा के प्रधान ज्ञानी हरजीत सिंह, पूर्व प्रधान अमरजीत सिंह, स्त्री सिंह सभा की प्रधान अमरजीत कौर, सतनाम सिंह, बलविंदर सिंह, मनदीप सिंह, रणजीत सिंह राणा, केवल सिंह, देवेंद्र सिंह कश्मीर सिंह, महेंद्र सिंह, बलवंत सिंह, आदि संगत मौजूद थीं।

# कल्याणी सामाजिक संस्था ने किया महिलाओं का सम्मान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में दिल्ली स्थित गढवाल भवन में कल्याणी सामाजिक संस्था द्वारा सांस्कृतिक, सामाजिक, साहित्यक, पर्वतारोहण, महिला सशक्तिकरण तथा सामाजिक कुरीतियों से संघर्ष कर अपना परचम लहराने वाली उत्तराखंड की ग्यारह महिलाओं का सम्मान किया गया। संस्था द्वारा चतुर्थ कल्याणी महिला सम्मान 2023 समारोह आयोजित किया गया ।जिसमें हल्द्वानी नैनीताल से प्रियंका जोशी को संगीत, साहित्य, स्वरोजगार, उद्यमिता, पर्वतारोहण, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण, वृद्ध आश्रम सेवा कार्य, नदी स्वच्छता अभियान में कार्य करने हेतु सम्मानित किया गया। ज्ञातव्य हो कि प्रियंका जोशी ने सन् 2001से पर्यावरण, वृक्षारोपण, पलायन जैसी समस्याओं पर उत्तराखंड लोक संगीत, शास्त्रीय संगीत, सुगम संगीत, कविता,



कहानी के माध्यम से जनजागरूकता अभियान चलाते हुये पहाड़ से पलायन रोकने के लिए स्थानीय बेरोजगार महिलाओं, युवाओं के लिए पर्यावरण संरक्षण एवं गौरेय्या तथा अन्य चिडियों के संरक्षण हेतु घोंसलों को विभिन्न आकारों में निर्माण करना सिखाकर महिलाओं को रोजगार सृजन कर उत्साहित कर रही हैं। इसी क्रम में पहाड़ में बेकार हुयी वनसम्पदा, पत्थर आदि को कलात्मक रूप देकर उन्हें महानगरों में बिक्री हेतु भेजा जाता है, जिससे महिलाओं की आमदनी में बढोत्तरी होती रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध लोकगायिका मीना राणा ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भरता के साथ साथ अपने परिवार के उत्तरदायित्वों का भली प्रकार निर्वहन करते हुए अपने कार्यों को करना चाहिये। संस्था अध्यक्षा बबिता नेगी ने कहा कि यह सम्मान समारोह उन प्रेरणादायी महिलाओं को समर्पित है जिन्होंने समाज की विकट सामाजिक परिस्थितियों से संघर्ष करते हुये अपने-अपने क्षेत्रों में पहचान बनाई है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मीना राणा, विशिष्ट अतिथि लक्ष्मी रावत, पूनम सती, गीता उनियाल, अभिनेत्री रेशमा शाह सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। प्रियंका जोशी को कल्याणी सम्मान प्राप्त होने पर सुषमा जोशी, एसके जोशी, ज्योत्सना शर्मा, नलिनी जोशी, दीक्षा सती, अर्चना फुलारा, अशोक वार्ष्णेय, रूपेन्द्र नागर सहित अनेक लोगों ने बधाई प्रेषित कर उनका उत्साहवर्द्धन किया ।

# मकान अपने नाम नहीं कराने पर पति पर उत्पीड़न का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक महिला ने पिता द्वारा दिया गया मकान अपने नाम नहीं कराने पर पति द्वारा उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए रपट दर्ज कराई है। दर्ज रपट में पीड़िता ने कहा है कि वह इन्द्रा कालोनी गली नंबर 5 में अपनी ताई माता के पास निवास कर रही है। उसका विवाह राजू नागपाल पुत्र जीत सिंह नागपाल निवासी महतोष मोड रतनपुरा, तहसील गदरपुर,के साथ हुआ था। वैवाहिक सम्बन्ध से उसके दो बच्चे प्रान्शु नागपाल (11 वर्ष) व अंशिका (9 वर्ष) है। उसका कहना है विवाह के समय उसे एक मकान आदर्श कालोनी, रूद्रपुर में दिया गया था जिसमें वह निवास कर रही है। उक्त मकान का गृहकर नगर निगम कार्यालय अभिलेखों में उसके पिता केबल वर्मा के नाम दर्ज है। पिता की मृत्यु के उपरान्त से ही पति उक्त मकान को अपने नाम दर्ज कराने का दबाव बना रहे है। आपत्ति करने पर पति उसके साथ मारपीट करते हैं और शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करते है। मायके का कोई भी व्यक्ति घर आता है तो उसके सामने ही पति लड़ाई झगड़ा करते हैं। 11मार्च को उक्त मकान को अपने नाम कराने के हेतु उसका पति मकान के कागज मांगने लगा । जब देने से मना कर दिया तो मेरे पति ने उससे मकान के कागज जबरन छीन लिये और उसें मारपीट कर घर से निकाल दिया। तब से वह अपने माता पिता के घर रह रही है। पति धमकी दे रहा है कि यदि मकान को उसके नाम दर्ज नहीं कराया तो वह जान से मार देगा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।










# गदरपुर व्यापार मंडल के पदाधिकारी पहुंचे धरना स्थल पर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गदरपुर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने यहां राम मनोहर लोहिया मार्केट में प्रशासन के खिलाफ व्यापारियों द्वारा किए जा रहे ध




रना प्रदर्शन स्थल पर पहुंचकर व्यापारियों को समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन के द्वारा रुद्रपुर के व्यापारियों के साथ किसी भी तरह की मनमानी की जाएगी तो गदरपुर व्यापार मंडल रुद्रपुर के व्यापारियों के साथ कंधे के कंधा मिलाकर खड़ा है। गत दिवस गदरपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़, महामंत्री संदीप चावला व कोषाध्यक्ष राहुल अनेजा ने बस स्टैंड के सामने पहुंचकर व्यापारियों के धरने प्रदर्शन में शामिल होकर समर्थन दिया। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़ ने कहा कि प्रशासन के द्वारा 50 वर्षों से काबिज दुकानदारों को उजाड़ने का जो प्रयास किया जा रहा है वह बहुत ही गलत निर्णय है। जी 20 के आड में व्यापारियों को उजाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इससे ना केवल व्यापारी खत्म हो जाएंगे बल्कि सैकड़ों परिवारों के चूल्हे भी बुझ जायेंगे। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा किसी भी तरह की व्यापारियों के साथ मनमानी की जाएगी तो गदरपुर व्यापार मंडल रुद्रपुर के व्यापारियों के साथ खड़ा है और जरूरत पड़ने पर रुद्रपुर के व्यापारियों के समर्थन में गदरपुर के व्यापारी भी अनिश्चितकालीन बाजार बंद कर देंगे।

# सभी उप जिलाधिकारियों व तहसीलदारों को दिये वादों का निस्तारण करने के निर्देश

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी युगल किशोर पंत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मासिक स्टाफ बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें वसूली, चकबन्दी, भू-राजस्व, सिंचाई पर वसूली, विविध देय, राज्य कर, स्टॉम्प आदि विभिन्न कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान



उन्होने अधिकारियों को निर्देश देते हुऐ कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यों को निर्धारित समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि न्यायालय में अपनी रिपोर्ट प्राथमिकता से प्रस्तुत करें ताकि अभिलेखों के अभाव में अपराधी बच के समाज में अपराधों को बढ़ावा न दे सकें। उन्होने सभी उप जिलाधिकारियों व तहसीलदारों को निर्देश दिये कि कोर्ट के लम्बित वादों का अभियान चलाकर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होने तहसीलदारों को कड़े निर्देश दिये कि नामांतरण के कार्यो को समय से पूर्ण करें। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि तीन वर्ष व पांच वर्ष से ऊपर के लम्बित वादों को प्राथमिता के आधार पर शीघ्र निस्तारण करें। उन्होने राज्य कर विभाग को निर्देश दिये कि वसूली से सम्बन्धित आरसी को राजस्व विभाग को वसूली हेतु भेजी जाती है उनका भलिभांति निरीक्षण/परिक्षण के उपरांत ही भेजी जाये। उन्होने सभी उप जिलाधिकारी को निर्देश दिये कि सिलिंग की भूमि व सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराते हुये आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन सरकारी भूमि पर कब्जे के कारण विवाद आदि हो रहे हो तो ऐसे प्रकरणों पर विशेष ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश कि स्टाम्प से सम्बंधित जो भी 50 हजार या उससे अधिक के मामलों को जिलाधिकारी को प्रेषित किया जाए। जिलाधिकारी ने महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों को रोकने के दृष्टिगत कमेटी बनाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि कमेटी में एक महिला इंसपेक्टर, महिला कल्याण विभाग से एक महिला, एक महिला तहसीलदार को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जयभारत सिंह, उपजिलाधिकारी प्रत्युष सिंह, कौशतुभ मिश्रा, ओसी मनीष बिष्ट, जेडी (विधि) डीएस जंगपांगी सहित अन्य अधिकारीगण वर्चुअल के माध्यम से उपस्थित रहे।

# जनपदीय पशु क्रूरता निवारण समिति ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जनपदीय पशु क्रूरता निवारण समिति प्रथम बिष्ट ने जिला अधिकारी कार्यालय में ज्ञापन देकर नियमों और सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के अनुसार पशु जन्म नियंत्रण (एबीसी) 2001 कार्यक्रम के व्यवस्थित और प्रभावी कार्यान्वयन की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि एबीसी के लिए लगातार कुछ सालो से समिति प्रसासन से कार्य के लिए आग्रह करती रही हैं एबीसी/एआर प्रोग्राम शुरू होने वाला है लेकिन शिकायत के आधार पर भारतीय जीवजन्तु कल्याण बोर्ड से रजिस्टर्ड ना होंने पर अनुबंध निरस्तीकरण के साथ संस्था को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया हैं। प्रथम बिष्ट ने पुनः जल्द से जल्द प्रोग्राम शुरू करने के लिए एनिमल वेलफेयर बोर्ड से रजिस्टर्ड संस्था को कार्य देने के लिए अनुरोध किया। जिसके अंतर्गत पशुओं में और निराश्रित श्वानों में हो रही क्रूरता और स्थानातंरण करना जो पीसीए एक्ट 1960 के तहत जुर्म हैं सजा प्रावधान भी हैं को कम किया जा सकता है।

# बलवंत कौर की आंखों से दो लोगों को मिलेगी रोशनी

गदरपुर (उद संवाददाता)।मक्कड़ वाली झाई के नाम से प्रसिद्ध बलवंत कौर मक्कड़ के नेत्रों के दान से उनकी आंखों से अब दो लोग दुनिया देख सकेंगे। प्रातः नगर के प्रमुख मक्कड़ परिवार की बलवंत कौर का आकस्मिक निधन हो गया



। उनकी इच्छा अनुसार एवं उनके पुत्रों रमेश मक्कड़, नरेश मक्कड़, सुरेश मक्कड़ एवं राकेश मक्कड़ मामा एवं उनकी पुत्रियों सुदेश रानी छाबड़ा एवं चंचल रानी द्वारा उनके नेत्रदान करने का निर्णय लिया गया। परिवार द्वारा डिफरेंट विद अदर्स संस्था द्वारा संपर्क किया गया जिस पर संस्था के पदाधिकारियों द्वारा सीएल गुप्ता मुरादाबाद की डॉक्टरों की टीम को बुलाकर नेत्रदान कराया गया । अब उनकी आंखें उनके जाने के बाद भी दुनिया को देख सकेंगी। पूर्व पालिकाध्यक्ष राकेश भुडडी बंटी ने परिवार को साधुवाद देते हुए नेत्रदान के लिए लोगों को प्रेरित करने का आह्वान किया। इस दौरान रोहित सुदामा ,सनी बत्रा, राजेश कुमार मिनी, पंकज सेतिया ,संदीप चावला, विक्की भुसरी ,विकास तनेजा , सभासद मनोज गुंबर द्वारा दुख की घड़ी में सांत्वना देते हुए परिवार का धन्यवाद किया गया।

# टुकटुक यूनियन का हुआ गठन

गूलरभोज(उद संवाददाता)। गुप्ता इंटरप्राइजेज के प्रतिष्ठान पर टुकटुक मालिकों की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें एक टुकटुक यूनियन का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष मिथुन कविराज एवं कोषाध्यक्ष नंदन सिंह नेगी को बनाया गया। सभी ने अध्यक्ष



उपाध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष का माल्यार्पण करके जोरदार स्वागत किया एवं मिष्ठान वितरण किया।इस अवसर पर गूलरभोज टुकटुक यूनियन के अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता द्वारा सभी टुकटुक चालकों को संदेश देते हुए कहा कि सभी नियमों का पालन करें एवं किसी भी समस्या को एक होकर ही निपटाएं। इस अवसर पर जयशंकर ,विश्वजीत, राजेश कुमार, बबलू, विजय कुमार, पवन, सोमपाल, बाबूराम, गोविंद मजूमदार, बनवारी लाल, केशव, रोहित कुमार, राजेंद्र कुमार, विद्यानंद, भूपेंद्र, सीताराम, दिलशाद, मौलवी, मिथुन, नंदन सिंह, दीवान सिंह, संजीव कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

# अपने परिजनों से नाराज होकर नाबालिग दिल्ली से हल्द्वानी पहुंचा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। परिजनों से किसी बात को लेकर नाराज बालक दिल्ली स्थित अपने आवास से भाग गया और भटकता हुआ यहां बस अड्डे पर आ पहुंचा। बालक को लावारिस हालत में घूमते देख पुलिस ने पूछताछ करने के बाद उसे दिल्ली पुलिस की मौजूदगी में उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। जानकारी के अनुसार विगत प्रातः बस स्टैंड के पास एक नाबालिग बच्चा घूम रहा था। महिला अप निरीक्षक मंजू ज्याला व चीता कर्मचारीगणों द्वारा उक्त बालक से पूछताछ की तो उसने अपना नाम पता आर्यन (13 वर्ष) पुत्र डा. पप्पू मियां निवासी दयाराम टोकाश मुनिरका नई दिल्ली बताया। उसका कहना था कि माता पिता से



किसी बात को लेकर झगड़ा होने पर नाराज होकर भटकते भटकते हल्द्वानी पहुंच गया।चौकी भोटिया पड़ाव लाकर बालक से परिजनों का मोबाइल नंबर लेकर सम्पर्क किया गया तो उनके द्वारा जानकारी दी गई कि 10 मार्च को दिल्ली के थाना किशन गढ़ में बालक के गुम होने की गुमशुदगी दर्ज की गई है। भोटिया पडाव पुलिस टीम द्वारा बालक के परिजनों को हल्द्वानी बुलाकर परिजनों व दिल्ली के थाना किशन गढ़ से आये एएसआई नासिर हुसैन की उपस्थित में बालक आर्यन को सकुशल उनके सुपुर्द किया गया।दिल्ली पुलिस एवं परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया।

# आत्मसुरक्षा प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, संजय नगर में तीन माह से चल रहे रानी लक्ष्मीबाई बालिका सुरक्षा कार्यक्रम आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन मंगलवार को कराटे प्रतियोगिता कराकर किया गया।इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य हरिओम शुक्ला ने छात्राओं को खुद की सुरक्षा के लिए तत्पर रहने का संकल्प दिलाया। साथ ही विद्यालय अध्यापक धीरज पाण्डे ने कहा कि आज जिस तरह की घटनाएं महिलाओं और लड़कियों के साथ हो रहीं हैं, उसके लिए यह प्रशिक्षण काफी मददगार साबित होगा। प्रशिक्षण शिविर में जिला जु-जित्सू एसोसिएशन उधम सिंह नगर रजि.) के महासचिव सेंसेई ऋषि पाल भारती एवं सहयोगी प्रशिक्षक हैप्पी सिंह, प्रशिक्षिका लवली विश्वकर्मा द्वारा छात्राओं में खुद की रक्षा का आत्मविश्वास जगाया गया, ताकि वे किसी भी परिस्थिति का सामना खुद कर सकें। सेंसेई ऋषि पाल भारती ने कहा कि अपराध समय और स्थान का इंतजार नहीं करता है, आपके साथ कोई अपराधि



क घटना कभी भी और कहीं भी हो सकती हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप अपने पास मौजूद समान्य चीजों ओर आसपास के वातावरण में मौजूद चीजों को हथियार बनाकर अपराधी का सामना कर खुद को सुरक्षित कर सके। तथा छात्राओं को पंच बांधना, शरीर की कमजोर कड़ी पर वार करना, किसी की पकड़ से खुद को छुड़ाने के साथ पैरों से वार करना, पेन के जरिए हमला करना, दुपट्टे के इस्तेमाल से अटैकर को धूल चटाना जैसी तकनीकों के साथ साथ छात्राओं को की-होंन में ब्लॉक, पंच, किक, काता, रोल, थ्रो एवं महत्वपूर्ण तकनीकों को सिखाया गया। प्रतियोगिता में अंडर 12 वर्ष बालिका आयुवर्ग की -30 किग्रा) में कामना चंद्रा ने स्वर्ण, शिवानी ने रजत, प्रीति मालिक और संगीता कुमारी ने कांस्य पदक, अंडर 12 वर्ष बालिका आयुवर्ग की (+30 किग्रा)में मीनाक्षी ने स्वर्ण, रोशनी ने रजत, खुशी राय और रावी ने कांस्य पदक, अंडर 14 वर्ष बालिका आयुवर्ग की (+35 किग्रा) में नीलम ने स्वर्ण, आरती ने रजत, ज्योति मौर्य और अमृता ने कांस्य पदक, अंडर 16 वर्ष बालिका आयुवर्ग की (-45 किग्रा) में झरना मंडल ने स्वर्ण, पूनम थापा ने रजत, रंजिता और शिवानी ने कांस्य पदक, अंडर 16 वर्ष बालिका आयुवर्ग की (-50 किग्रा) में डोली ने स्वर्ण, मुस्कान चंद्र ने रजत, प्रियांशी और सपना सागर ने कांस्य पदक जीते। समापन अवसर पर सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को पदक पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की श्रीमती रीतू मौर्य, कृष्णा कुमारी, विनय कुमार द्विवेदी, ललित मोहन जोशी, सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

# चोरी की मोटरसाइकिल सहित एक गिरफ्तार

गदरपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना गदरपुर पुलिस ने गत 12



मार्च को थाना गदरपुर पर पंजीकृत बाइक चोरी के मामले में मुखबिर की सूचना पर उदयवीर पुत्र शंकर सिह निवासी डोंगपुरी थाना गदरपुर के कब्जे से डोंगपुरी पुलिया के पास बाइक बरामद कर अभियुक्त उदयवीर को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया ।पुलिस टीम में थानाध्यक्ष राजेश राजेश पाण्डेय, उप निरीक्षक महेश चन्द्र ,कानि0 दर्शन सिह,मोहन भट्ट, शामिल थे।

# जी-20 समिट की तैयारियों का कमिश्नर और आईजी ने लिया जायजा

रामनगर/हल्द्वानी(उद संवाददाता)। रामनगर में आगामी 28 से 30 मार्च तक जी-20 समिट के आयोजन की तैयारियों को लेकर कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत, आईजी नीलेश आनन्द भरणे तथा जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल के साथ ही अन्य अधिकारियों ने गडप्पू से रामनगर तक सड़क मार्ग का टैम्पो ट्रेवल्स में बैठकर संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान कुमाऊं आयुक्त ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिए। गडप्पू से रामनगर तक विभिन्न दीवारों पर सौन्दर्यीकरण के कार्यों में कुमाऊंनी संस्कृति की झलक की आयुक्त ने सराहना की और कहा कि कार्यों में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा लोनिवि के द्वारा सडक के किनारें ड्रेसिंग मे तेजी की आवश्यकता है, रामनगर कोसी बैराज में पार्क, रेलिंग और आसपास के सौन्दर्यीकरण के कार्यों की सराहना करते हुये कहा कि कार्यो में अधिक गति लाने की आवश्यकता है। मंगलवार को कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने आईजी कुमाऊं नीलेश आनंद भरणे और जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल के साथ जी-20 समिट के विदेशी मेहमानों के पंतनगर से रामनगर तक के रूट में नैनीताल जिले के अंतर्गत आने वाले गडप्पू से रामनगर तक सड़क मार्ग का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सड़कों के किनारे सौंदर्यीकरण कार्य को तेजी के साथ किए जाने के निर्देश दिए। इसके अलावा गड़प्पू से रामनगर तक सड़क किनारे अतिक्रमण को हटाए जाने को कहा। इसके अलावा यूपीसीएल के विद्युत लाइनों के पोल कई जगह क्षतिग्रस्त व पुराने हैं और कई जगह लटके हुए हैं, उनको ठीक करने के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कई जगह प्राइवेट प्रॉपर्टीज में कंस्ट्रक्शन मैटेरियल छोड़ा गया है उसे भी हटाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। कुमाऊं कमिश्नर ने बताया कि जी 20 समिट के आयोजन के लिए शहर के लोगों से भी निवेदन कर पूरे शहर को एक रूप देने को कहा गया है जिससे कि इस समिट में चार चांद लगाए जा सके। गौरतलब है कि 28 से 30 मार्च तक रामनगर में जी 20 समिट का आयोजन होना है जिसमें लगभग 76 विदेशी मेहमान तथा 36 स्वदेशी मेहमान पहुंचेंगे जिनको पंतनगर एयरपोर्ट से रामनगर तक सड़क मार्ग द्वारा लाया जाएगा। इसी के तहत सड़क सुदृढ़ीकरण सहित अन्य कार्य तेजी के साथ कराए जा रहे हैं। निरीक्षण दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 भागीरथी जोशी, अपर जिलाधिकारी अशोक जोशी, एसपी सिटी हरबंस सिंह, नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, उपजिलाधिकारी गौरव चटवाल, रेखा कोहली, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, अधीक्षण अभियंता जल संस्थान विशाल सक्सेना, आरटीओ संदीप सैनी, नंदकिशोर के साथ ही विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।





# सिख समुदाय के प्रतिनिधिमंडल ने दी सिख नववर्ष की बधाई

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से मंगलवार को राजभवन में विकासनगर से आये सिख समुदाय के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर सिख नववर्ष की बधाई दी। राज्यपाल ने भी उन्हें चेत संक्रान्त और



नानकशाही के 555वें संवत की बधाई व शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने सिख नववर्ष के अवसर पर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने सिख गुरुओं और उनकी शिक्षाओं, बलिदान को याद किया। राज्यपाल ने कहा कि गुरु नानक देव के सबसे महत्वपूर्ण मूलमंत्र एकम ने विश्व और मानवता को एक सूत्र में बांधा। उनकी शिक्षाओं का प्रकाश पूरे विश्व में फैला है।

# विधायक अरोरा ने नजूल नीति में संशोधन का मामला सदन में उठाया

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। गैरसैण बजट सत्र के दूसरे दिन विधायक शिव अरोरा ने नियम 300 के अंतर्गत नजूल विषय को विधानसभा अध्यक्ष के माध्यम से सरकार के समक्ष रखा। विधायक शिव अरोरा ने कहा 11दिसम्बर 2021 को आई नजूल नीति जो अपने उद्देश्य पर खरी नही उतरी नीति इतनी जटिल थी कि इसका लाभ रुद्रपुर के अति निर्धन वर्ग को बिल्कुल भी नही मिला ओर 11 नवम्बर 2022 को एक साल के लिये आई नजूल नीति एक्सपायर हो गयी। वही सरकार द्वारा लायी गयी नजूल नीति इतनी जटिल थी कि इसमें मात्र तीन नये आवेदन आये ओर उनका भी निस्तारण नही हुआ। विधायक शिव अरोरा ने सदन के माध्यम से सरकार से आग्रह किया कि नजूल नीति में संशोधन की आवश्यकता है जिसका लाभ नजूल पर निवासरत गरीब अति निर्धन परिवार को इसको सीधा लाभ मिल सके। उन्होंने सरकार से कहा कि इसमें जटिलताओं को दूर करते हुए नजूल नीति में सरलीकरण की आवश्यकता है। विधायक शिव अरोरा ने कहा निश्चित रूप से प्रदेश की धामी सरकार द्वारा नजूल भूमि पर बसे गरीब परिवारों को मालिकाना हक देने की दिशा में नजूल नीति लायी गयी थी लेकिन तकनीकी जटिलताओं के चलते इसका सीधा लाभ रुद्रपुर की गरीब जनता को मिल नही पाया उन्होंने कहा कि आशा है सरकार इस गम्भीर विषय पर संज्ञान लेते हुए नजूल नीति में संशोधन करते हुए नजूल नीति को लाएगी जो जनता के हितों को पूरा करेगी। विधायक शिव अरोरा ने कहा 50 वर्ग मीटर तक निवासरत लोगो को निःशुल्क मालिकाना हक मिले व अन्य भूखण्डों को शुल्क के आधार पर मालिकाना हक मिले उक्त विधेयक में संशोधन की आवश्यकता है। रुद्रपुर की बहुत बड़ी आबादी नजूल भूमि पर कई पीढ़ियों से निवास करती आ रही है उनको उनके भूमि का मालिकाना हक मिले इसके लिये सदन के माध्यम से यह विषय को सरकार के मध्य रखा है। प्रदेश सरकार पर विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि जल्द ही इस गम्भीर विषय का समाधान किया जायेगा। विधायक ने कहा नजूल भूमि पर लगभग 20 हजार परिवार निवास करते हैं इस नीति में संशोधन होते ही सीधा लाभ इन हजारों परिवारों को मिलेगा।



# महिलाओं को स्व.सुषमा स्वराज सम्मान से नवाजा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने उधम सिंह नगर जिले में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 17 महिलाओं को स्वर्गीय सुषमा स्वराज सम्मान से सम्मानित किया। महिला जागरूकता व बाल कल्याण के क्षेत्र में श्रीमति चंद्रकला राय,सुश्री रजनीश बत्रा तथा गरीब तबके के बच्चों को शिक्षा देने के लिए गायत्री पांडे को सम्मानित किया गया। मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित स्वर्गीय सुषमा स्वराज कार्यक्रम में 17 महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री व जिला प्रभारी भावना मेहरा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा महिलाओ के हित मे अनेको योजनाएं चलायी जा रही है जिनका विशेष लक्ष्य महिलाओ को आत्मनिर्भर स्वालंबी व सशक्त बनाना है। प्रदेश उपाध्यक्ष रश्मि रस्तोगी ने कहा कि भाजपा ही महिलाओ का सम्मान करने वाली पार्टी है जबकि प्रदेश संयोजक रुचि भट्ट ने स्व० सुषमा स्वराज का भावपूर्ण स्मरण कर उनके जीवन को प्रेरणास्त्रोत बताया। इससे पहले कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुवे जिलाध्यक्ष विमला मुंडेला ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।कार्यक्रम कान संचालन स्वाति शर्मा ने किया। कार्यक्रम को पूर्व विधायक राजेश शुक्ला उपाध्यक्ष मोहिनी पोखरिया ने भी संबोधित किया।इस दौराम नेहा शर्मा शालिनी बोरा,भाजपा महामंत्री अमित नारंग, अंजू देवी, रजनी रावत, लता सिंह, अनिता जैड़ा प्रेमा महर, माही सकलानी, गुरविंदर कौर, दीपा राय, स्वाति शर्मा, दया डसीला आरती दुबे, जास्मिरी देवी सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे। सम्मानित हुई महिलाओं में चंद्र कला राय,गायत्री पांडेय, डॉ रजनीश बत्रा, शालिनी रावत, पूजा डे, गीता धामी, जानकी तिवारी ,नीतू गंगवार, उषा नरेंद्र जैन अंजलि शर्मा, नीलम कांडपाल ,आशा कुलदीप कौर ,बबिता भट्ट, उमा शर्मा, जानकी गोस्वामी, प्रेमा महर अनिता ज्याला शामिल हैं।



# रुद्रपुर में महान गुरमत एवं संत समागम 18 मार्च को

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।आदर्श कॉलोनी स्थित समाधि श्री मान 108 संत बाबा गोपाल सिंह जी महाराज गुरुद्वारे में महान गुरुमत एवं संत समागम का आयोजन गुरुद्वारे के मुख्य सेवादार अशोक मुंजाल की देख रेख में आगामी 18 मार्च को धूमधाम से किया जायेगा। जानकारी देते हुए गुरुद्वारे की सेवादार सुषमा मुंजाल ने बताया कि श्रीमान 108 संत बाबा गोपाल सिंह जी की याद में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी 18 मार्च दिन शनिवार को महान गुरमत एवं संत समागम का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उक्त आयोजन पिछले 50 वर्षों से हर वर्ष निरंतर किया जा रहा है इस बार भी 16 मार्च दिन वीरवार को प्रातः 10 बजे से अखंड पाठ का विधिवत शुभारंभ होगा। 18 मार्च दिन शनिवार को अखंड पाठ साहिब का भोग पड़ेगा और गुरु का लंगर अटूट बरतेगा। समागम में 18 मार्च को भव्य दीवान सजाया जायेगा।इस अवसर पर नानकसर (कुराली)यू.एस.वाले सन्त बाबा बलविंदर सिंह जी,नानकसर बाजपुर वाले बाबा प्रताप सिंह जी , रागी जत्था रुद्रपुर वाले भाई कुलदीप सिंह जी ,कीर्तनी जत्था पटियाला वाले भाई पवनदीप सिंह जी, कथावाचक रुद्रपुर वाले भाई गुरभेज सिंह जी आदि सत्संग के माध्यम से संगत को आशीर्वचन देंगे व महिमा का बखान कर संगत को निहाल भी करेंगे। गुरुद्वारे के सेवादार आशीष मुंजाल, विक्की मुंजाल ने सभी धर्म प्रेमियों से संत समागम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की है।



# अंजनी का लाला रे ,भक्तों का रखवाला रे

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत श्री राजेन्द्र अग्रवाल के सानिध्य में श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार अनिल कुमार ठक्कर के निवास स्थान ग्रीन पार्क में सजाया गया। जहां दूर दराज से पहुंचे भक्तों ने दरबार में पहुंचकरअपनी अपनी हाजिरी लगाई एवं भजनों का भरपूर आनंद लिया। दरबार का शुभारंभ विधिवत रूप से ज्योत प्रज्वलित कर श्री गुरु वंदना, श्री गणेश वंदना, श्री प्रेतराज जी की आरती, श्री हनुमान चालीसा, आज मंगलवार है महावीर का वार है सच्चे मन से जो कोई गावेउसका बेड़ा पार है भजन से हुआ। दरबार में पहुँचने पर महन्त श्री अग्रवाल का परिवार द्वारा फूल मालायें पहनाकर भव्य स्वागत कियागया। महंत जी ने याही में भागवत याही में गीता, जलती रहे घाटे वाले ज्योत तेरी जलती रहे, जो प्रेम से बोलेगा मेरे बाबा के जयकारेभजन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात महंत जी पर दूत महाराज का आवाहन हुआ एवं सभी भक्तों ने दूत महाराज सेआशीर्वाद प्राप्त किया। वही भजनों की श्रृंखला में अजय जायसवाल ने मेरे सिर पर रखदो बाबा अपने ये दोनों हाथ,बिट्टू अरोरा ने तेरीभी बनेगी बात मेरी भी बनेगी, शिव कुमार ने बोलो श्री राम जय राम जय जय राम, लवी अरोरा ने जैसा चाहो मुझको समझना, पवन खेड़ाने चलो दर्शन को मेंहदीपुर चलिये, कालू मदान ने करो भरोसा बालाजी पर बनेंगे बिगड़े काम, विराट रस्तोगी ने अंजनी का लाला रे भक्तोंका रखवाला रे, सुनील कुमार ने लगन तुमसे लगा बैठे जो होगा देखा जायेगा आदि भजन सुनाकर सबको भक्तिमय कर दिया। उसके पश्चात बाबा का पच्चीसा हुआ एवं श्री सीताराम जी की, श्री बालाजी महाराज जी की, श्री भैरव बाबा की आरती हुई एवं बाबा कीआरती के छीटें एवं बाबा का भोग लगाने के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर खघ्रैत कुमार, नरेश ग्रोवर, बिट्टू ग्रोवर, आयुष अरोरा, हर्षित ग्रोवर, हिमांशु ठक्कर, सागर ठक्कर, एडवोकेट महेश बब्बर, जगप्रवेश बब्बर, सुमित बब्बर, गौरव बब्बर, सौरभबब्बर, राकेश चावला, प्रवीण दीक्षित, विशाल कम्बोज, अरुण झाम, हरिचरण सिंह, सुरेश मित्तल, विशाल मदान, सुनील कुमार, डी केकरगेती, धर्मवीर चौधरी, अजय जायसवाल, पवन खेड़ा, लवी अरोरा, बिट्टू अरोरा, सौरभ अग्रवाल एवं गौरव अग्रवाल आदि सैंकड़ों भक्तमौजूद थे।











# भागवत कथा सुनने से कट जाते हैं सारे पाप: नारायण चैतन्य

## श्री वैष्णो देवी मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान सप्ताह शुरू

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आदर्श कालोनी स्थित श्री वैष्णो देवी मंदिर (पूज्यनीय स्वर्ग फार्म वाली देवीजी के स्थान ) आदर्श में आयोजित श्रीमद के पाप का कट जाते है। उन्होंने भागवत महात्मय के विषय पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस कलयुग में मनुष्य सत्संग के जरिये ही अपने भावों को डियू व उनकी पत्नी निशा डियू द्वारा किया गया। भागवत कथा स्थल पर इंद्र कुमार ग्रोवर, जगदीश अरोरा, बैष्णो भजन मण्डल के महंत श्याम खुराना, सभा की रेशम ग्रोवर, सुनीता अरोरा, कंचन, निर्मला आनन्द, प्रीति ग्रोवर, एकता ग्रोवर, आशा अरोरा व अन्य महिलाएँ उपस्थित रही। जिन्होंने कथा





भागवत कथा के प्रथम दिन पर कथा व्यास नारायण चौतन्य जी महाराज ने श्रीमद भागवत कथा के महात्मय का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा को सुनने से जन्म जन्म स्थिर रख सकता है। सत्संग के बिना विवेक उत्पन्न नही हो सकता और बिना सौभाग्य के सत्संग सुलभ नही हो सकता है। प्रथम दिन में श्रीमद भागवत कथा का पूजन एल यजमान कपिल भजन प्रकाश अरोरा एडवोकेट, राजीव ग्रोवर, राजेश आनन्द, सतनाम सिंह, विजय फुटेला, लक्ष्य शर्मा, मदन कक्कड़, अशोक अरोरा, रामलाल अदलखा, मंगल ग्रोवर, स्त्री सत्संग का श्रषण किया तथा मां हंसेश्वरि भारती जी महाराज से आर्शीवाद प्राप्त किया। कथा व्यास नारायण चौतन्य ने सभी संगत से अधिक से अधिक संख्या मे पहुँच कर कथा श्रवण के लिये कहा ।

# औषधि विक्रेताओं का शिष्ट मंडल स्वास्थ्य मंत्री से मिला

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तरांचल औषधि व्यवसायी महासंघ के प्रतिनिधि मण्डल ने स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत से विधान सभा सत्र के दौरान गैरसेंण में मुलाकात की। ड्रग कंट्रोलर के हाल के प्रेषित पत्र के सन्दर्भ में विस्तृत चर्चा कर उन्हें ज्ञापन दिया। श्री रावत ने आश्वस्त किया कि किसी भी दवा व्यवसायी का उत्पीड़न नहीं किया जाएगा। वार्ता में विधायक दलीप सिंह रावत व केमिस्ट आदेश चौहान का विशेष सहयोग रहा। उन्होंने बताया जल्द ही औषधि व्यवसायी महासंघ की कार्यकारिणी सभा में स्वास्थ्य मंत्री मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। प्रतिनिधि मंडल कई स्थानों में दवा व्यवसायों पर पुलिस के उत्पीड़न के खिलाफ डीजीपी उत्तराखंड अशोक कुमार से भी मिला तथा ज्ञापन सौंपा। डीजीपी ने भी पुलिस के स्तर से किसी भी प्रकार का उत्पीड़न न करने हेतु आस्वस्त किया। इधर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के महामंत्री संदीप जोशी ने कहा ही कि अध्यक्ष बीएस मनकोटी, महामंत्री अमित गर्ग, एआईओसीडी के उपाध्यक्ष अजेय गर्ग, कोटद्वार के अध्यक्ष विवेक अग्रवाल और कुमाऊँ मंडल से जनक जोशी द्वारा कैमिस्टों की परेशानी से स्वास्थ्य मंत्री और डीजीपी को अवगत कराया और पूरे प्रदेश के दवा व्यापारियों के हितों की रक्षा की। इसके लिए उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया।



# गुमशुदा महिला एवं उसकी दो पुत्रियों को किया परिजनों के सुपुर्द

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। हीरानगर चौकी पुलिस ने करीब एक सप्ताह से लापता महिला व उसकी दो पुत्रियों को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। जानकारी के अनुसार आनंद बल्लभ पुत्र पितांबर दत्त निवासी भीमताल द्वारा 11 मार्च को कोतवाली में सूचना दर्ज कराई गई कि उसकी पत्नी निर्मला देवी उम्र 37 वर्ष, पुत्री हिमानी उम्र 14 वर्ष व पुत्री गीता उम्र 12 वर्ष 9 मार्च को महिला चिकित्सालय हल्द्वानी से वापस नहीं आए हैं। उनके द्वारा आस-पास काफी ढूंढने का प्रयास किया गया परंतु उनका कोई पता नहीं चला। मामले की विवेचना महिला उपनिरीक्षक बबीता के सुपुर्द की गई।सकुशल बरामद करने हेतु हरेंद्र चौधरी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व मे थाना स्तर पर टीम गठित की गई। टीम में शामिल धर्मेंद्र कुमार चौकी प्रभारी हीरानगर, महिला उपनिरीक्षक बबीता, कांस्टेबल पूरन व ललित नाथ द्वारा घटनास्थल एवं बस स्टैंड, महिला चिकित्सालय हल्द्वानी के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन करने के पश्चात गुमशुदा महिला तथा उसकी दोनों पुत्रियों को पुलिस टीम द्वारा तीनपानी बाईपास हल्द्वानी लालकुआं रोड से सकुशल बरामद कर गुमशुदा महिला के पिता के सुपुर्द किया गया।



# सपनों की उड़ान कार्यक्रम में अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता) विकासखण्ड रूद्रपुर में सपनों की उड़ान कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसके उद्घघाटन सत्र में मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया । समस्त उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए उप शिक्षा अधिकारी डॉ. गुंजन अमरोही ने कार्यक्रम की महत्ता के सम्बन्ध में अवगत कराया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में इस प्रकार के कार्यक्रमों का विशेष महत्व है। उन्होने सभी बच्चों से अकादमिक के साथ साथ इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भी प्रतिभाग करने का आव्हान किया। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेन्द्र सिंह ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए अधिकतम प्रतिभागिता हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में सपनों की दौड़, सपनों के चित्र, लोक नृत्य, समूह गान, नुक्कढ़ नाटक, फैंसी ड्रैस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ विद्यालय प्रबन्ध समिति का पुरस्कार रा.प्रा.वि. पटेरी को प्राप्त हुआ। बच्चों ने भी प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य शिक्षा अधिकारी रमेश चन्द्र आर्य ने बच्चों को पुरस्कार वितरण कर आशीर्वाद दिया। समस्त विजेताओं पूरा करने के लिए अथक प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम के आयोजन में दया कृष्ण दनाई, कैलाश सक्सैना, दीपक वर्मा, मो आरिफ, मो. हनीफ, रवि



कार्यक्रम में रा.प्रा.वि. छतरपुर,हसनपुर मझरा, रा.उ.प्रा.वि. ट्रांजिट कैम्प, अजीतपुर रा.प्रा.वि. फुलसुंगा के बच्चों ने पुरस्कार जीता। सपनों की उड़ान में विकासखण्ड के दूरस्थ विद्यालय के को प्रमाण पत्र मेडल व शील्ड प्रदान की गई एवं समस्त प्रतिभागियों को स्टेशनरी दी गई। मुख्य शिक्षा अधिकारी ने कहा कि बच्चों को सपने जरूर देखने चाहिए और उन सपनों को फुलारा, अनामिका, खेमकरण, किरन, सोनी यादव, रश्मि शर्मा, सुमन दुम्का, बीना राय, रीता राय, पुष्पा पाठक, कृष्ण कान्त कर, विनय द्विवेदी, गायत्री पाण्डेय, संदीप धीर ने विशेष योगदान दिया ।

# स्वच्छता चौपाल लगाकर लोगों को किया जागरूक

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।नगर निगम रूद्रपुर द्वारा स्वच्छता चौपाल का आयोजन उत्तराखंड मंडी परिषद की आवासीय कॉलोनी उत्तरायणी के मुख्य द्वार पर आयोजित किया गया जिसमें सुधा सामाजिक संस्था के कलाकारों द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत लोगों को जैविक कचरा, सूखा कचरा, बायो मेडिकल कचरा के बारे में जागरूक किया गया इसके साथ ही गीला कूड़ा, सूखा कूड़ा को अलग अलग एकत्र करते हुए उसके निस्तारण की जानकारियां दी गई । कार्यक्रम का शुभारंभ नगर निगम के मेयर रामपाल सिंह और नगर आयुक्त/ मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल ने संयुक्त रूप से किया स्वच्छता जागरूकता में प्लास्टिक पॉलीथिन के प्रयोग से होने वाले पर्यावरण के दुष्प्रभाव से मनुष्य के जीवन पर होने वाले प्रभावों के बारे में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक किया गया। वहीं नगरवासियों से डोर टू डोर नारी शक्ति सेना को यूजर चार्ज समय से भुकतान करने की अपील की गई। सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल ने अपने सम्बोधन में लोगो से नालियों में कूड़ा कचरा न फैकने, सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने तथा कूड़ेदान का प्रयोग करते हुए जैविक और अजैविक कूड़े को अलग अलग कर निगम के वाहनों पर ही डाले जाने की अपील की गई ।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# संसद में सियासत

अब सत्तापक्ष को राहुल गांधी के ब्रिटेन में दिए भाषण को लेकर कांग्रेस को घेरने का मौका मिल गया है। उसका कहना है कि राहुल गांधी ने विदेशी धरती पर भारतीय लोकतंत्र का अपमान किया है। इसके लिए उन्हें सदन में आकर माफी मांगनी चाहिए।ऐसी अपेक्षा की जाती है कि संसद में जरूरी मुद्दों पर स्वस्थ चर्चा होगी और समस्याओं के समाधान की दिशा में व्यावहारिक नतीजे निकाले जा सकेंगे। मगर पिछले कुछ सालों से संसद के दोनों सदन जैसे राजनीतिक दलों के लिए जोर–आजमाइश की जगहों में बदलते गए हैं। हर संसद सत्र में पक्ष और विपक्ष के बीच किसी न किसी मुद्दे को लेकर शुरू से लेकर आखिर तक हंगामा चलता रहता है। उसी में कुछ सांसदों को निलंबित करने की कार्रवाई भी की जाती है और फिर उसे लेकर अलग से हंगामा शुरू हो जाता है।अक्सर यह भी देखा जाने लगा है कि संसद सत्र अवधि से पहले ही स्थगित कर दिया जाता है। बजट सत्र में भी वही रुझान बना हुआ है। इसका पहला चरण हंगामे की भेंट चढ़ गया। दूसरे चरण में भी पहले ही दिन से हंगामा शुरू हो गया। विपक्ष ने पहले से तय कर रखा था कि वह अडाणी प्रकरण पर सत्तापक्ष को घेरेगा। यह बात सरकार को पता थी, इसलिए उसने अपने बचाव में तैयारियां कर रखी थी। विपक्ष अड़ा हुआ है कि अडाणी की कंपनियों को दिए गए कर्ज के मामले में सरकार अपना पक्ष रखे, मगर सत्तापक्ष उस पर कोई बात करने को तैयार नहीं है। अब सत्तापक्ष को राहुल गांधी के ब्रिटेन में दिए भाषण को लेकर कांग्रेस को घेरने का मौका मिल गया है। उसका कहना है कि राहुल गांधी ने विदेशी धरती पर भारतीय लोकतंत्र का अपमान किया है। इसके लिए उन्हें सदन में आकर माफी मांगनी चाहिए। फिर वे जिस सदन के सदस्य हैं, उसी सदन का अपमान करने का मामला दंडात्मक कार्रवाई का बनता है। उनकी सदस्यता समाप्त की जानी चाहिए। स्पष्ट है कि सरकार अडाणी प्रकरण को दबाने के लिए राहुल गांधी के भाषण को तूल देती रहेगी और संसद में किसी विषय पर कोई सार्थक बहस संभव नहीं हो पाएगी।यह पहला मौका नहीं है, जब सत्तापक्ष और विपक्ष रणनीतिक रूप से संसद में हंगामा कर रहे हैं। पिछले कई सालों से यह प्रवृत्ति बनी हुई है। तीन कृषि कानूनों को लेकर भी इसी तरह हंगामा हुआ और फिर स्थिति यहां तक पहुंच गई थी कि कुछ विपक्षी नेताओं को पूरे सत्र के लिए संसद की कार्यवाही में हिस्सा लेने से रोक दिया गया। बाकी विपक्षी सदस्यों को सदन से बाहर निकालने के लिए सुरक्षाबलों का प्रयोग करना पड़ा था। कई बार ऐसा देखा जा चुका है कि विपक्ष संसद से बाहर निकल कर मीडिया के सामने अपनी बातें रखता रहा है।दरअसल, संसद की मर्यादाएं दोनों पक्ष तोड़ते देखे जा रहे हैं। सरकार जानबूझ कर उन असहज करने वाले सवालों से बचने का प्रयास करती है, जिनसे उसकी कमजोरी जाहिर हो सकती है। इसलिए वह हर बार कोई न किसी ऐसे मामले को तूल देती देखी जाती है, जिसके जरिए वह विपक्ष की गलतियां रेखांकित कर सके। इसमें विपक्षी नेताओं के बोलते वक्त तरह–तरह से व्यवधान उपस्थित करते भी देखा जाता है। हालांकि विपक्ष भी स्वस्थ इरादे से किसी मुद्दे पर बहस करने की इच्छा रखता हो, ऐसा नहीं कहा जा सकता। वह अक्सर सरकार को घेर कर अपनी राजनीति चमकाने का प्रयास करता है। इस तरह संसद में चर्चाओं का मूल मकसद ही कहीं खो गया है। इसका नतीजा यह निकलता है कि जिन कानूनों पर चर्चा के बाद सहमति बननी चाहिए, वे भी एकतरफा सहमति से पारित कर दिए जाते हैं। इस प्रवृत्ति से लोकतंत्र का नुकसान ही हो रहा है।

# उत्तराखंड का लोक पर्व है 'फूलदेई'

देवभूमि उत्तराखंड अपनी मनमोहक सुषमा और नैसर्गिक सौंदर्य के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है और यहां के कई त्योहारों में विविधता दिखाई देती है। प्रकृति को धन्यवाद देने हेतु उनमें से एक त्यौहार है फूलदेई त्यौहार , फूल संक्रांति के नाम से भी जाना जाता है । फूलदेई यानी फूल संक्रांति उत्तराखंड का पारंपरिक लोक पर्व है। उत्तराखंड के अधिकांश क्षेत्रों में चौत्र संक्रांति से फूलदेई का त्योहार मनाने की परंपरा आज भी कायम है। चौत्र के महीने की संक्रांति को जब ऊंची पहाड़ियों से बर्फ पिघल जाती है, सर्दियों के मुश्किल दिन बीत जाते हैं, उत्तराखंड के पहाड़ बुरांश के लाल फूलों की चादर ओढ़ने लगते हैं, तब पूरे इलाके की खुशहाली के लिए फूलदेई का त्योहार मनाया जाता है। ये त्योहार आमतौर पर छोटे बच्चों का पर्व है। वक्त के साथ तरीके बदले, लेकिन गाँवों में ये त्यौहार अब भी जिंदा है। फूल और चावलों को गांव के घर की देहरी पर डालकर उस घर की खुशहाली की दुआ मांगने की परंपरा देखते ही आज भी इस त्यौहार की महक महसूस की जा सकती है। चौत्र माह के पहले दिन भोर में छोटेख्रछोटे बच्चे जंगलों या खेतों से फूल तोड़ कर लाते हैं और उन फूलों को एक टोकरी में या थाली में सजा कर सबसे पहले अपने ईष्ट देवी देवताओं को अर्पित करते हैं। उसके बाद पूरे गांव में घूम –घूम कर गांव की हर देहली( दरवाजे) पर जाते हैं और उन फूलों से दरवाजों (देहली) का पूजन करते हैं। घर के दरवाजों में सुंदर रंग बिरंगे फूलों को बिखेर देते हैं साथ ही साथ एक सुंदर सा लोक गीत भी गाते हैं। फूल देई ..छम्मा देई देणी द्वार... भर भकार ...फूल देई ... छम्मा देई। खफूलदेई के दिन बच्चे सुबह–सुबह उठकर फ्यूंली, बुरांश, बासिंग और कचनार जैसे जंगली फूल इकट्ठा करते हैं। उत्तराखंड के इस बाल पर्व में बच्चे फ्यूंली, बुराँस, बासिंग, लाई,ग्वीर्याल, किंनगोड़, हिसर, सहित कई जंगली फूलों को रिंगाल की टोकरी में चुनकर लाते है और देहरी पूजन करते हुए फूल डालते हैं। इन फूलों को रिंगाल (बांस जैसी दिखने वाली लकड़ी) की टोकरी में सजाया जाता है। टोकरी में फूलों–पत्तों के साथ गुड़, चावल और नारियल रखकर बच्चे अपने गांव और मुहल्ले की ओर निकल जाते हैं। फूलदेई त्योहार में एक द्वार पूजा के लिए एक जंगली फूल का इस्तेमाल होता है, जिसे फ्यूली कहते हैं। इस फूल और फूलदेई के त्योहार को लेकर उत्तराखंड में कई लोक कथाएं मशहूर हैं जिनमें से एक लोककथा फ्यूंली के पीले फूलों से जुड़ी हैं। फूलदेई पर्व की कहानियां एक वन कन्या थी, जिसका नाम था फ्यूंली। फ्यूली जंगल में रहती थी। जंगल के पेड़– पौध और जानवर ही उसका परिवार भी थे और दोस्त भी। फ्यूंली की वजह से जंगल और पहाड़ों में हरियाली थी, खुशहाली। एक दिन दूर देश का एक राजकुमार जंगल में आया। फ्यूंली को राजकुमार से प्रेम हो गया। राजकुमार के कहने पर फ्यूंली ने उससे शादी कर ली और पहाड़ों को छोड़कर उसके साथ महल चली गई। फ्यूंली के जाते ही पेड़–पौधे मुरझाने लगे, नदियां सूखने लगीं और पहाड़ बरबाद होने लगे। उधर महल में फ्यूंली खघ्द बहुत बीमार रहने लगी। उसने राजकुमार से उसे वापस पहाड़ छोड़ देने की विनती की लेकिन राजकुमार उसे छोड़ने को तैयार नहीं था और एक दिन फ्यूंली मर गई। मरते–मरते उसने राजकुमार से गुजारिश की, कि उसका शव पहाड़ में ही कहीं दफना दे। फ्यूंली का शरीर राजकुमार ने पहाड़ की उसी चोटी पर जाकर दफनाया जहां से वो उसे लेकर आया था। जिस जगह पर फ्यूंली को दफनाया गया, कुछ महीनों बाद वहां एक फूल खिला, जिसे फ्यूंली नाम दिया गया। इस फूल के खिलते ही पहाड़ फिर हरे होने लगे, नदियों में पानी फिर लबालब भर गया, पहाड़ की खुशहाली फ्यूंली के फूल के रूप में लौट आई। इसी फ्यूंली के फूल से द्वारपूजा करके लड़कियां फूलदेई में अपने घर और पूरे गांव की खुशहाली की दुआ करती हैं। कुछ पौराणिक मान्यताओं के अनुसार फूलदेई



त्यौहार मनाने के पीछे कहा जाता है कि शिव शीत काल में अपनी तपस्या में लीन थे, ऋतु परिवर्तन के कई बर्ष बीत गए लेकिन शिव की तंद्रा नहीं टूटी। माँ पार्वती ही नहीं बल्कि नंदी शिव गण व संसार में कई बर्ष शिव के तंद्रालीन होने से बेमौसमी हो गये। आखिर माँ पार्वती ने ही युक्ति निकाली। सर्वप्रथम फ्योली के पीले फूल खिलने के कारण सभी शिव गणों को पीताम्बरी जामा पहनाकर उन्हें अबोध बच्चों का स्वरुप दे दिया । फिर सभी से कहा कि वह देवक्यारियों से ऐसे पुष्प चुन लायें जिनकी खुशबू पूरे कैलाश को महकाए। सबने अनुसरण किया और पुष्प सर्वप्रथम शिव के तंद्रालीन मुद्रा को अर्पित किये गए जिसे फुलदेई कहा गया। साथ में सभी एक सुर में आदिदेव महादेव से उनकी तपस्या में बाधा डालने के लिए क्षमा मांगते हुए कहने लगे– फुलदेई क्षमा देई, भर भंकार तेरे द्वार आये महाराज । शिव की तंद्रा टूटी बच्चों को देखकर उनका गुस्सा शांत हुआ और वे भी प्रसन्न मन इस त्यौहार में शामिल हुए तब से पहाडो में फुलदेई पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जाने लगा। फूलदेई त्यौहार प्रत्येक वर्ष चौत्र मास का प्रथम दिन माना जाता है और हिंदू परंपरा के अनुसार इस दिन से हिंदू नव वर्ष की शुरुआत मानी जाती है।यह त्यौहार नववर्ष के स्वागत के लिए ही मनाया जाता है।इस वक्त उत्तराखंड के पहाड़ों में अनेक प्रकार के सुंदर फूल खिलते हैं।पूरे पहाड़ का आंचल रंग–बिरंगे फूलों से सज जाता है और बसंत के इस मौसम में फ्योली, खुमानी, पुलम, आडू , बुरांश ,भिटोरे आदि के फूल हर कहीं खिले हुए नजर आ जाते हैं।जहां पहाड़ बुरांश के सुर्ख लाल चटक फूलों से सजे रहते हैं वही घर आंगन में लगे आडू, खुमानी के पेड़ों में सफेद व हल्के बैंगनी रंग के फूल खिले रहते हैं।फूलदेई त्यौहार में वैसे तो शाम को तरह तरह के व्यंजन बनाए जाते हैं लेकिन चावल से बनने वाला सई ( सैया) विशेष एक तौर से बनाया जाता है।उसके बाद उसमें स्वादानुसार चीनी व मेवे डाले जाते हैं यह अत्यंत स्वादिष्ट और विशेष तौर से इस दिन खाया जाने वाला व्यंजन है। आज के दौर में त्यौहारों का स्वरूप धीरे या तो परिवर्तित हो रहा है या फिर वह केवल औपचारिकता मात्र रह गये हैं। फूलदेई में भी काफी परिवर्तन आये हैं। ऑनलाइन जिंदगी जीने वाली आज की युवा पीढ़ी में अब वह पहले वाला उत्साह नहीं रह गया है लेकिन किसी भी रूप में सही फूलदेई का त्यौहार उत्तराखण्ड में अभी भी ष्फूल देई, छम्मा देईष् गाते सजे धजे बच्चों की टोलियां कहीं न कहीं दिखायी पड़ जाती हैं। फूलदेई जैसे त्यौहार एक ओर जहां हमारी वर्षों से चली आ रही परंपरा को आज भी जिन्दा रखे हुये हैं, वहीँ हमारे बच्चों को प्रकृति के और निकट लाने में भी सहायक हैं।

**हर्षवर्धन पाण्डे**
**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक हैं )**

# वैज्ञानिक शोध पत्र लेखन पर कार्यशाला आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विज्ञान लोकप्रियकरण समिति के तत्वावधान में यूकोस्ट के सहयोग से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला का विषय श्वैज्ञानिक शोध पत्र लेखनश रखा गया। कार्यक्रम का उद्घ्घाटन मुख्य अतिथि प्रो. सीडी हँस, निदेशक उच्चशिक्षा, उत्तराखण्ड, विशिष्ट अतिथि प्रो. पीके गर्ग, प्रो. केडी पुरोहित, प्रो. एमएसएम रावत, प्राचार्य प्रो. केके पाण्डे व वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. सर्वजीत सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यशाला के मुख्य विषय पर अपने विद्वत भाषण में प्रो० सीडी संठा, निदेशक, उच्च शिक्षा, उतराखण्ड द्वारा शोध में गुणवत्ता में वृद्धि पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने शोध ार्थियों से समाज की आवश्यकताओं पर आधारित एक्शन रिसर्च को शोध का उद्देश्य बनाने का आहवान किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने शोध से लाभान्वित होने वाले लोगों, शोध पारदर्शिता, नैतिकता, सामाजिक जिमेदारी एवं मूल्यों का ध्यान रखने को आवश्यक बताया। एमएसएम



रावत, सलाहकार रूसा परियोजना ने नयी शिक्षा नीति 2020 में शोध व नवाचार के सम्मिलित किये जाने को राष्ट्रीय स्तर पर शोध के महत्व की स्वीकृति के रूप में रेखांकित किया। प्रो. केडी पुरोहित, अध्यक्ष विज्ञान भारती, उत्तराखण्ड द्वारा शोध के द्वारा प्राप्त ज्ञान के बांटने / प्रचार प्रसार वर्तमान परिप्रेक्ष्य में आवश्यक बताया गया। तकनीकी सत्र के मुख्य वक्ता प्रो. जीके गर्ग ने साइंग्रिफिक पेपर राइटिंग के मुख्य सोपानों की विस्तार से चर्चा की। मात्र इसमे शीर्षक, समस्या, उपकल्पना प्रशिक्षण, साहित्य का 1 अध्ययन, शोध डिजाइन, उपकल्पना परीक्षण, परिणाम व परिणाम की व्याख्या तथा उसका निष्कर्ष पर कम से शोधार्थियों के साथ विचार विमर्श किया गया। तकनीकी सत्र के अन्य वक्ता प्रो. सुनीता अवस्थी, प्राध्यापक अराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, डॉ. महेन्द्र राणा, प्राध्यापक कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा भी सम्बन्धित विषय पर शोधार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। कार्यशाला के सफल आयोजन हेतु महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. कमल किशोर पाण्डे द्वारा संयोजक प्रो. पाण्डे, समस्त मनोज पाण्डे, आयोजक सचिव अदान ने प्राधिकारियो छात्र अतिथियों, प्राध्यापकों, शोधार्थियों व कर्मचारियों को आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस कार्यक्रम में उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय से आये हुए डा० ज्योति रानी व डा. पंकज कुमार तथा डा. आशुतोष भट्ट का आभार व्यक्त किया।

# बच्चों ने मनाया फूलदेई पर्व

बागेश्वर(उद संवाददाता)।'फूलदेई' पर्व को होप सोशल वेलफेयर एंड रिसर्च फाउंडेशन, व गोपालदत्त शिक्षण समिति के द्वारा अपनी संस्कृति को बचाने के लिए बाल सेवा निकेतन के बच्चो के साथ मनाया, साथ ही बच्चो को समिति के सदस्य मनोज बचखेती ने बताया कि चौत्र की संक्रांति पर उत्तराखंड में इस पर्व को मनाया जाता है। इस दिन बच्च्चों द्वारा घरों की देहली को फूलों से सजाया जाता है। घर की चौखट पर पूजन करते हुए श्फूलदेई छम्मा देईश कहकर मंगलकामना की जाती है। इस पर्व पर आस पड़ोस के बच्च्चों की भूमिका अहम होती है। सभी जगह बच्चे फूलदेई पर्व पर चावल और गुड़ की टोकरी के साथ घरों में मुख्य



द्वार पर फूलवर्षा कर सुख सम्रद्धि की मनोकामना करते है, कार्यक्रम में विधायक और कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि मनोज ओली ने इसे हरियाली का प्रतीक बताते हुए सभी को धनधान्य से परिपूर्ण करने का प्रतीक बताया, इस दौरान बाला दत्त शर्मा,संदीप शर्मा, प्रेमा कांडपाल नीमा मेहता ,मोहन ,मनीष थापा संदीप कुमार,और छात्र छात्राएं मौजूद थे।

# अपने गांव पहुंचने पर कोश्यारी का जोरदार स्वागत

बागेश्वर(उद संवाददाता)। पूर्व मुख्यमंत्री और और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल अपने गांव नामतीचेटाबगड़ लौट आए हैं। वह यहां 16 मार्च तक रहेंगे। उनके गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने ढोल–नगाड़ों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। कोश्यारी ने अपने रहने के लिए गुंठी गांव के घर में दो कमरों का निर्माण करवाया है। गांव के पूर्व प्रधान नारायण सिंह कोश्यारी ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री कोश्यारी नामती चेटाबगड़ पहुंच गए हैं। वह कुछ दिन गांव में ही रहेंगे। उनका चिल्किया पुल पर भव्य स्वागत किया गया। भकूना, खेती, किसमिला, बडेराखेत



के बाद ल्वेटा में भी स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए गए। पूर्व जिला पंचायत सदस्य हेमा पाठक की अगुवाई में जगह–जगह कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान कोश्यारी ने गांव के लोगों को गले लगा लिया। वह स्कूली बच्चों से भी मिले। उन्होंने कहा कि लक्ष्य साधकर वह आगे बढ़े। कहा कि किसानों को प्रोत्साहित किया जाएगा। क्षेत्र में उद्यानीकरण की अपरा संभावनाएं हैं। पर्यटन को आगे बढाएंगे और ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जो बन पड़ेगा लक्ष्य है। इसके अलावा वह कुछ दिन गांव में रहकर सुकून का जीवन व्यतीत करेंगे। पुस्तकें पढ़ेंगे और कुछ लिखेंगे। इस दौरान भगवत प्रसाद पाठक, ग्राम प्रधान गंगा सिंह कार्की, मंडल उपाध्यक्ष नारायण कोश्यारी, प्रधान संगठन के अध्यक्ष केदार महर, सादो सिंह बिष्ट, महेश सिंह कोश्यारी, बालक सिंह कोश्यारी, अशोक कार्की, चंदन कोश्यारी, विक्रम कार्की, नरेंद्र कोश्यारी, तारा पाठक, नंदी देवी, निर्मला पाठक, चंपा देवी आदि उपस्थित थे।

# राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को दी फूलदेई की बधाई

देहरादून (उद संवाददाता)।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने समस्त प्रदेशवासियों को फूल देई की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कहा कि प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक, यह लोकपर्व समस्त प्रदेशवासियों के जीवन में सुख–शांति, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड सांस्कृतिक दृष्टि से एक अत्यंत समृद्ध प्रदेश है। राज्य की अनूठी परंपराएं जीवंत संस्कृति तथा सुंदर लोकपर्व अपनी एक अलग पहचान रखते हैं। उत्तराखण्ड का लोक पर्व फूलदेई प्रकृति प्रेम तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है। वर्तमान में इस पर्व की प्रासंगिकता और भी अधिक बढ़ गई है। आज संपूर्ण विश्व को हमारी पर्यावरण हितैषी परंपराओं और प्रकृति प्रेम की संस्कृति को जानने की आवश्यकता है। विशेषकर उत्तराखण्ड की युवा पीढ़ी को अपने लोकपर्वों एवं संस्कृति के संरक्षण तथा प्रचार–प्रसार के लिए पहल करनी चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि फूलदेई बच्चों से जुड़ा पर्व है, इसलिए उत्तराखण्ड का प्रत्येक बालक–बालिका बचपन से ही अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ जाता है तथा उनमें प्रकृति के प्रति सम्मान का भाव विकसित हो जाता है।

# नकल विरोधी कानून के समर्थन में निकाली आभार रैली

खटीमा (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस से मुख्य चौक तक आभार रैली निकाली। मुख्यमंत्री धामी का आभार प्रकट किया । रैली पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस से होते हुए मुख्य चौक पर पहुंची जहां पर उत्साहित कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री धजहां पर प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली करने वाले एवं नकल करने वालों को कड़ी सजा के साथ आर्थिक दंड का भी प्रावधान है जिसके लिए बोरा,अमित कुमार पांडे, कामिल खान, महेंद्र ठाकुर, आलोक गोयल, हरेंद्र राणा, अंजू देवी, रेनू भंडारी, महेश राणा, सचिन विज, भवानी भंडारी, गंभीर सिंह





पुष्कर सिंह धामी द्वारा प्रतियोगिता परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए सख्त नकल विरोधी कानून लागू करने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह ामी के समर्थन में एवं पूरे देश का सबसे सख्त नकल कानून लागू होने पर सरकार का आभार प्रकट किया। उत्तराखंड नकल विरोधी कानून लागू करने वाला पहला ऐसा राज्य बना है मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं भाजपा सरकार धन्यवाद के पात्र हैं। आभार रैली में नगर अध्यक्ष जीवन धामी, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, रमेश चंद जोशी, सतीश गोयल, नवीन बोरा, गोपाल धामी, किशोर जोशी,विमला बिष्ट, पुष्कर सिंह, संजय पिलखवाल, आलोक गोयल, राहुल चौहान, धन सिंह बिष्ट अनुपमा शर्मा, विक्रम चंद, ममता ज्याला आदि कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# डीएम ने बेस चिकित्सालय की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी रीना जोशी ने पिथौरागढ़ स्थित बेस चिकित्सालय का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा ब्लड सेंपलिंग कार्यों, डायलिसिस कार्यों आदि के बारे में जानकारी लेने के साथ ही चिकित्सालय में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण व चिकित्सा स्टाफ की जानकारी ली गई। उन्होंने बेस चिकित्सालय में तैनात चिकित्सा



स्टाफ को मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचएस हयांकी ने बताया कि बेस चिकित्सालय में 4 डॉक्टर तैनात हैं तथा 2 डॉक्टर बुधवार को तैनाती लेंगें। चिकित्सालय में डायलिसिस की चार मशीनें हैं। डायलिसिस के लिए प्रतिदिन 8 मरीज पहुंच रहे हैं। चिकित्सालय में सिटी स्कैन का कार्य किया जा रहा है जिसके लिए प्रतिदिन लगभग 16 मरीज पहुंच रहे हैं। वही बल्ड सैंपलिंग का कार्य भी नियमित रूप से किया जा रहा है।

# सरकार के खिलाफ गैरसैंण में उठाई आवाज

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व पालिकाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करण मेहरा के आह्वान पर उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन विधानसभा गैरसैंण में सरकार के खिलाफ आयोजित विरोध प्रदर्शन में प्रतिभाग किया। इस दौरान



कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़क पर मार्च किया और पुलिस द्वारा बनाई गई बैरिकेडिंग को तोड़ते हुए विधानसभा का घेराव किया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ जबरदस्त नोकझोंक हुई। राज्य सरकार के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शन में प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की ऊर्जावान अध्यक्ष ज्योति रोतेला और यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने भी सरकार के खिलाफ जबरदस्त प्रदर्शन किया।

# पोक्सो के आरोपी को भेजा जेल

गदरपुर(उद संवाददाता)। पुलिस ने पोक्सो एक्ट में दर्ज मुकदमें के आधार पर एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। पुलिस सूत्रों के अनुसार एसआई कुसुम रावत को मामले की विवेचना के लिए नियुक्त किया गया था। गत13



मार्च 2023 को थानाध्यक्ष गदरपुर के नेतृत्व में उक्त अभियोग में नामजद अभियुक्त शाहनवाज पुत्र अब्दुल रहमान निवासी वार्ड नंबर 9/11 गदरपुर को ग्राम बराखेड़ा से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में हल्द्वानी कारागार भेजा गया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष राजेश पाण्डेय, एसआई कुसुम रावत,हे.कानि. नारायण रावल एवं विमल टम्टा शामिल थे।

# छह पेटी अवैध शराब सहित एक दबोचा

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। एसएसपी के निर्देश पर अवैध शराब तस्करों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में भतरौजखान पुलिस ने स्विफ्ट डिजायर कार से 6 पेटी अवैध शराब बरामद कर तस्कर को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष भतरौजखान संजय पाठक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पुलिस सहायता केन्द्र मोहान पर चेकिंग के दौरान स्विफ्ट डिजायर कार को चैक किया तो चालक



दिनेश सिंह मनराल निवासी ग्राम खटोली, भतरौजखान के कब्जे से 6 पेटी में कुल 288 पव्वे देशी मसालेदार शराब बरामद की। जिस पर आरोपी चालक को गिरफ्तार करते हुए शराब परिवहन में प्रयुक्त वाहन कार को सीज किया गया। टीम में कोतवाल पाठक के अलावा, उपनिरीक्षक जगत सिंह, हेड कांस्टेबल जितेन्द्र सिंह बिष्ट, कांस्टेबल देवेन्द्र भण्डारी, कांस्टेबल संदीप मलिक आदि मौजूद थे।

# वरिष्ठ अधिवक्ता जयनंदन अग्रवाल के आकस्मिक निधन पर शोक जताया

काशीपुर(उद संवाददाता)। बार एसोसिएशन की एक शोक सभा एसोसिएशन के सभागार में संपन्न हुई जिसमें वरिष्ठ अधिवक्ता जयनंदन अग्रवाल के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया। अधिवक्ताओं ने 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा परम पिता परमेश्वर से प्रार्थना की गई कि उनके परिजनों को गहन दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें। ज्ञातव्य है कि वरिष्ठ अधिवक्ता जयनंदन अग्रवाल काफी लंबे समय से नोटरी अधिवक्ता थे। शोक सभा में बार एसोसिएशन के प्रेस प्रवक्ता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा, भास्कर त्यागी, रहमत अली खान अभिषेक कंबोज ,अमन राणा, राजीव कुमार, सोनल सिंघल ,धर्मेंद्र कुमार, विशाल सक्सेना, गौरव राजपूत आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# डीके पार्क में किया पौधारोपण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।सामाजिक विकास सेवा समिति के महासचिव लक्ष्मी नारायण के नेतृत्व में डीके पार्क में पौधारोपण किया गया। जिसमें पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी लक्ष्मी नारायण ने स्वयं ली है। डीके पार्क में पहले भी पौधारोपण किया गया था और आगे भी किया जाएगा। कार्यक्रम में महासचिव लक्ष्मी नारायण, अध्यक्ष शारिफ खान, दिनेश कुमार लांबा, दौलत सिंह सैनी, डेविड, धर्मवीर, नूमेरा खान, राकेश कुमार, दलजीत सिंह, पंकज गुप्ता आदि लोग मौजूद थे।



# अवैध शराब ले जाता एक गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रम्पुरा चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान एक व्यक्ति को अवैध शराब ले जाते गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार कांस्टेबल अमित जोशी व महेन्द्र कुमार गश्त करते हुए रम्पुरा गुरुद्वारा से प्रीत विहार की तरफ जा रहे थे। तभी सामने से एक व्यक्ति कन्धे मैं कट्टा लेकर आता दिखायी दिया। पुलिसजनो को आता देखकर उसने भागने की कोशिश की तो पुलिस कर्मियों ने पीछा कर उसे पकड लिया । पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता मक्खन सिह पुत्र अवतार सिह निवासी खानपुर थाना बिलासपुर जिला रामपुर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद कट्टे से कुल 55 पाउच अवैध शराब के बरामद हुए। पुलिस ने शराब कब्जे में लेकर मक्खन सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

## पेज एक का शेष...

**जी २० की आड़ में व्यापारियों..**कल 16 मार्च को धरना स्थल पर खून से पत्र लिखकर मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी को प्रेषित करेंगे। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की स्थानीय विधायक शिव अरोरा से वार्ता हुई है। उन उपर व्यापारियों का विश्वास है। शीघ्र ही समस्या का समाधान निकल जायेगा। श्री भुड्डी ने कहा कि आवश्यकता अनुसार मार्ग चौडाई सीमित कर व्यापारियों की दुकानों को बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिले में कहीं पर भी व्यापारियों का उत्पीड़न नहीं होने दिया जायेगा। इसके खिलाफ सारे व्यापारी एकजुट हैं। वार्ता के दौरान जिला महामंत्री निर्मल सिह हंसपाल, सुरमुख सिंह विर्क, उपाध्यक्ष सतपाल गाबा, सुरेश जैन, प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश अरोरा, जिला मंत्री राजकुमार सीकरी, राममनोहर लोहिया मार्केट अध्यक्ष आशू ग्रोवर, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, वरिष्ठ व्यापारी सुरेन्द्र तनेजा आदि मौजूद थे। इधर आन्दोलित व्यापारियों का धरना प्रदर्शन आज पांचवें दिन भी जारी रहा। आज भी लोहिया मार्केट, नेहरू मार्केट, विश्वकर्मा मार्केट तथा सुपर मार्केट पमरी तरह से बंद रही। इस दौरान युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश कामरा, महामंत्री पवन गाबा, उपाध्यक्ष मनीष गोस्वामी, आकाश अरोरा, जोमी चांडा, जिम्मी बांगा, प्रभात नारंग, संदीप कामरा, अमित बांगा, जगदीश तनेजा, मीना शर्मा, अनिल शर्मा, मोनिका ढ़ाली, संजीव रस्तोगी, रविन्द्र गुप्ता, सुदर्शन शर्मा, रामप्रसाद, रईस अहमद,इंद्रजीत सिंह, अनमोल खुराना, बल्देव राज ग्रोवर, अमरजीत सिंह, नंद किशोर, श्याम धींगरा, दीपक धींगरा, मोइनुद्दीन, हरीश आहूजा, तिलक राज, अश्वनी कुमार, इदरीस, सुरेंद्र सिंह, शैलेन्द्र ग्रोवर, अनिल तनेजा, अजय कक्कड़, हरजीत सिंह, मनीष कालड़ा, विनोद ठुकराल, हर्ष रावल, विक्की रावल, हरीश पिन्नी, अनिल कक्कड़,राजा मदान, रमेश कालड़ा, प्रताप सिंह, सुशील गावा, नरेंद्र चावला, सुनील प्रजापति, केशव नारंग, करमजीत सिंह, अमरदीप सिंह, राजू जोशी, इस्लाम मियां, हरीश जोशी, जगवीर सिंह, रवि गुलाटी, गगन कालरा, प्रशांत, ललित मेहता, नेहरू मार्केट( समोसा मार्केट) के जसवीर सिंह, अब्दुल रहमान, महेंद्र सिंह ,चिरौंजी लाल, प्रवेश सलमानी, प्यारेलाल मदान, सोहनलाल मदान, देवेंद्र बोरा, केदार प्रसाद, कलीम खान ,श्यामसुंदर तिवारी ,महेंद्र पाल, भगवानदास , जुल्फीकार, राजीव जलहोत्रा, बृजेश गुप्ता, मोहनलाल, अनिल चौहान , दीपिका बत्रा, सोहेल खान, देवेंद्र सिंह, राधेश्याम गुप्ता, बिट्टू चौधरी ,भोला, विजय कुमार गुप्ता, किशन गुप्ता, गणपत नारंग, राजेंद्र जुनेजा, सुभाष मालाकार, महेंद्र पाल, भगवानदास, भास्कर तिवारी, नरेश पाल आदि सहित सैकड़ों व्यापारी मौजूद थे।अदि मौजूद थे।

**राशन डीलरों ने ...** समस्याओं को प्रमुखता से उपायुक्त के समक्ष रखा। जिसमे पिछले दस माह बीत जाने के उपरान्त भी विक्रेताओं को लाभांश एवं किराया भाड़ा ना मिलने की शिकायत की गई। इसके अतिरिक्त खाद्यान्न तोल कर ना मिलने एवं नेट रिचार्ज, सर्वर डाउन, खराब लेपटाप, एवं ब्रेर स्टेप डिलीवरी में आ रही जैसी समस्याओं को प्रमुखता से रखा गया। उपयुक्त व जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा यथाशीघ्र इन समस्याओं को अपने स्तर पर हल करने का आश्वासन दिया गया। उन्होंने एक सप्ताह के अन्दर विक्रेताओं की धनराशी खातो मे आने की जानकारी दी गई तथा बताया कि 15 खाद्यान्न गोदाम मे धर्मकांटे लगाने की संस्तुति शासन से मिल गई है। प्रतिनिधि मण्डल में प्रदेश कोषाध्यक्ष दिनेश पाण्डे, देवेन्द्र जोशी, विपिन आर्य, जसपुर अध्यक्ष देवेन्द्र चौहान, काशीपुर अध्यक्ष विनोद सारस्वत, सार्थक अग्रवाल, ब्रज किशोर, सुधीर कुमार, बाजपुर अध्यक्ष अजय कालड़ा, रोहित कुमार, अशोक बत्रा, गदरपुर अध्यक्ष निवुन गगनेजा, रूद्रपुर अध्यक्ष मदन खना, जिला कोषाध्यक्ष रवि खुराना, खटीमा अध्यक्ष किशन पाल, सितारगंज अध्यक्ष नरेश अग्रवाल, किच्छा अध्यक्ष बन्टी सिंह, दीपक जैन आदि शामिल रहे। समस्याओं को यथासमय दूर करने का आश्वासन देने पर प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष द्वारा उपायुक्त को धन्यवाद दिया गया ।

**दुकानों में आग ...**में रखा फ्रिज, काउंटर समेत अन्य सामान जल गया। उन्होंने आग लगने से करीब 13 लाख रुपए का नुकसान होना बताया है। एफएसओ गोविंद आर्य ने भीषण आग पर काबू होने के बाद बताया कि दुकान के ऊपर स्थित होटल की खिड़कियों के शीशे आग की वजह से टूट गए और बोर्ड भी जल गया। उन्होंने बताया कि आग की वजह से होटल में ठहरे लोगों को बाहर निकाल लिया गया था। पान भंडार की दीवार सिंधी स्वीट्स से सटी हुई है। स्वीट्स की दुकान भी आग की चपेट में आने से बाल–बाल बच गई। सिंधी चौराहे के कार्नर में बने पान शॉप से सटी हुई सिंधी स्वीट हाउस के साथ ही अन्य दुकानें भी है। दुकान में भीषण तरीके से लगी आग से प्रथम तल में बने होटल को भी आग से नुकसान हुआ है। साथ ही में स्थित होटल सिल्वर पैलेस में आगे का एलिवेशन और खिड़कियों के पर्दे पूरी तरह जल गये। घटना के वक्त होटल में यात्री भी रुके थे आग लगते ही धुआं फैलने के चलते होटल में मौजूद लोगों में अफरा- तफरी मच गई। होटल में ठहरे बरेली से आये जीतेंद्र ने बताया जैसे ही आग लगने का पता चला होटल में मौजूद लोग काफी घबरा गए लेकिन मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों और होटल के लोगों ने उनको सुरक्षित नीचे निकाला। उन्होंने बताया कि वह अग्निशमन कर्मचारियों का भी धन्यवाद करेंगे कि आज उनकी ततपरता के चलते भीषण आग पर काबू पाया जा सका जिसकी वजह से ही होटल में मौजूद लोगों की जान बच पाई। अग्निशमन विभाग की तत्परता की वजह से एक बड़ा हादसा होने से टल गया।

**सर्लि रेट बढ़ाने...**रूप से कांग्रेस नेता रमेश तिवारी, अरूण तनेजा, ओम प्रकाश पप्पू, चोधरी भूपेंद्र सिंह, सुरेश पपनेजा, धर्मेंद्र सिंधी, बंटी पपनेजा, एन यू खान, संजीव सिंह,पालिकाध्यक्ष दर्शन कोली, राजकूमार बजाज, जीवन जोशी, छोटू कोली, कलावती, रुखसाना फजील खान, लियाकत अली, सुभाष गुप्ता, गोविंद सिंह टाकुली,राजकुमार कोली, मोहमद आरिफ, गुलशंत सिंधी, अशोक मित्रा, नितिन शर्मा, जगरूप सिंह, इम्तियाज मलिक व्यापारी ज्योति कनोदिया, संदीप चुघ, चरन जीत सिंह, अज्जू जोशी,सतीश जोशी,रमाकांत, परगट सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे। उधर सर्किल रेट बढ़ाए जाने के विरोध को लेकर चल रहे धरने के बीच एक रजिस्ट्री किए जाने की भी चर्चा जोरों पर है ।बताया जा रहा है कि एक सरकारी कर्मचारी द्वारा चुपचाप रजिस्ट्री करवा दी। जो कि अब गले की फांस बन गई है इस पर अभी उपनिबंध कार्यालय स्तर से चुप्पी साधी हुई है। चर्चा है की ऐसा आंदोलन को खत्म करने के लिए किया गया है।

**विधानसभा के बाहर...**का मुद्दा उठाया और भर्ती घोटाला और गन्ना मूल्य बढ़ाए जाने की मांग को लेकर सदन में खूब हंगामा किया। कुछ सदस्यों ने टेबल भी तोड़ दी और रूल बुल भी फाड़ दी। जिसके चलते 15 विधायकों को एक दिन के लिए सत्र से निलंबित कर दिया। वहीं, भोजन अवकाश के बाद भी कांग्रेस विधायकों ने सदन में खूब हंगामा किया। विपक्ष के रवैया से नाराज स्पीकर सदन की कार्रवाई से उठ कर चली गईं थी।

**दहेजलोभियों ने दो...**पट्टी थाना बाजपुर निवासी पति अमित कुमार, सास सावित्री देवी, विपिन कुमार पुत्र आनंद प्रकाश, सीमा पत्नी विपिन कुमार, नंद निशा पत्नी वरुण कुमार, एवं नंद नीता पत्नी राजीव कुमार उसका बुरी तरह उत्पीड़न कर रहे हैं। पुलिस ने दोनों ही मामलों में तहरीर के आधार पर 10 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

**हादसेमें सहकारी...**केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट के पीआरओ लक्ष्मण खाती ने अस्पताल पहुंचकर उनका हाल जाना और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# किसान के घर हुई दस लाख की लूट का खुलासा, चार गिरफ्तार

## किसान का पड़ोसी निकला मास्टरमाइंड,पांच टीमों ने लूट का सारा सामान,जेवर बरामद किये

सितारगंज (उद संवाददाता)। किसान ओमप्रकाश के घर में घुसकर परिवारजनों को घायल कर जेवर, नगदी लूटने के मामले में चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चोरी के मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चोरी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया। आरोपियों के पास लूटा गया जेवरात, सामान, प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिये हैं। लूट में करीब 10 लाख के जेवर, नगदी व सामान लूटा गया था। घटना को पड़ोस के दो युवकों ने यूपी से दो युवकों को बुलाकर घटना को अंजाम दिया। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने मंगलवार को कोतवाली में आयोजित पत्रकार वार्ता में किसान ओमप्रकाश पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम टुंडलिया के घर 23 मार्च की रात्रि में हुई लूट का खुलासा करते हुए बताया कि 2 मार्च की रात्रि में बदमाशों ने ओमप्रकाश व उसके पुत्र सुनील व कपिल तथा पत्नी ललिता देवी पुत्र बधु कुसुम लता को घर में घुसकर



बंधक बनाया था। कपिल को चाकू से घायल किया था तथा सुनील को डंडे से सिर पर वार कर घायल किया गया था। ओमप्रकाश के साथ भी मारपीट की थी। इसके बाद बदमाशों ने ओमप्रकाश की पत्नी ललिता देवी तथा पुत्रवधु कुसुम लता के जेवरात व नकदी लूटकर ले गये थे। सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी भूपेंद्र बृजवाल ने उच्चाधिकारियों को सूचना देते हुए पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, सीओ ओमप्रकाश शर्मा, एसओ भुलभट्टा कमलेश भट्ट समेत जिले के विभिन्न थानों की पुलिस, एसओजी मौके पर पहुंची। डॉग स्क्वाड तथा फोरेन्सिक की टीम भी मौके पर पहुंची। एसपी सिटी ने पांच टीमों का गठन किया। पुलिस टीम सीसीटीवी फुटेज और मनुअल पुलिसिंग, सर्विलांस के सहारे आरोपियों तक पहुंच गयी।एसएसपी ने बताया कि आरोपियों में दो युवक टुंडलिया गोविंदपुर गांव के जसवंत सिंह उर्फ बंटी और प्रमोद कुमार के हैं। मास्टर माइंड जसवंत सिंह उर्फ बंटी था। दोनों आरोपियों ने यूपी से अनिल सागर निवासी ग्राम दुनधरी, अमरिया और सचिन निवासी ग्राम भौना, जहानाबाद को बुलाकर घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने लूटे हुए18 नग सोने,चांदी के जेवरात,सात मोबाइल बरामद किये हैं। आरोपियों से तमंचा, जिंदा कारतूस, लोहे का कांता,चाकू, लकड़ी का डंडा, घटना के लिए प्रयुक्त मोटरसाइकिल, ओमप्रकाश के आधार कार्ड और दो पासबुक बरामद की है। एसएसपी ने टीम को ढाई हजार ईनाम की घोषणा की है। टीम में कोतवाली प्रभारी भूपेंद्र सिंह बृजवाल, एसएसआई विनोद फर्त्याल, एसओ पुलभट्टा कमलेश भट्ट, एसओ नानकमत्ता देवेंद्र गौरव, सरकड़ा चौकी इंचार्ज कवींद्र शर्मा, सिडकुल चौकी इंचार्ज चन्दन सिह विष्ट, एसओ झनकइया रविन्द्र बिष्ट, शक्तिफार्म चौकी इंचार्ज जगदीश चन्द्र तिवारी, एसआई सोनिका जोशी, एसआई सुरेन्द्र दानु, नरेन्द्र यादव, बलवन्त सिंह,किरन कुमार मेहता, चन्द्र प्रकाश,अशोक बोरा,दीपक नेगीमनोज जोशी, कपिल कुमार, भारत भूषण, ज्योति शर्मा, फिरोज खान,राकेश मेलकानी,मनोज कुमार,राजेन्द्र गिरी, राजेन्द्र रौतेला, देवेन्द्र कन्याल, पवन कुमार, सागर, तकनीकी टीम के निरीक्षक बिजेन्द्र शाह, एसआई जसबीर चौहान, एसआई भुवन जोशी, भूपेन्द्र, पंकज बिनवाल शामिल रहे।

### नरेंद्र, बलवंत,भूपेंद्र को मिला मैन ऑफ द मंथ अवार्ड

सितारगंज। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने हेडकास्टेबल नरेंद्र यादव, कांस्टेबल बलवंत सिंह और एसओजी के भूपेन्द्र को मैन ऑफ मंथ घोषित किया। उन्होंने इन पुलिसकर्मियों की मैनुअल, तकनीकी पुलिस के सहारे खुलासे में अहम रोल अदा किया। एसएसपी ने बताया कि जसवंत का फिलहाल कोई अपराधिक इतिहास नहीं मिला है। यूपी के युवकों का भी अपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

# श्रम विभाग कार्यालय में श्रमिकों ने किया प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्रम विभाग कार्यालय पर परफेक्ट डाइनामिक्स प्राइवेट लिमिटेड के मजदूरों ने प्रदर्शन कर कंपनी द्वारा मजदूरों के शोषण पर रोक लगाने और यूनियन




-प्रबंधन के बीच हुए समझौते को लागू कराने की मांग की। इस बीच यूनियन के अध्यक्ष प्रकाश चिलवाल ने कहा कि प्रबंधन और मजदूर यूनियन के बीच समझौता हुए 3 माह बीत चुका है और यह समझौता श्रम विभाग में दर्ज हो चुका है। परंतु अभी तक समझौते के तहत मजदूरों को लाभ नहीं मिल रहा है, कुछ कहने पर मजदूरों को निकाल दिया जाता है,फैक्ट्री मैनेजमेंट लगातार मजदूरों का शोषण कर रहा है। मजदूरों को समय से वेतन नहीं मिलता है, पीएफ और ईएसआई जमा नहीं हो रहा है, स्थाई मजदूर होने के बावजूद स्थाई होने का पत्र नहीं दिया गया है, मजदूरों को दिए गए आई कार्ड में अनियमितता है, मजदूरों का अंग-भंग होने पर उन्हें नियमानुसार न तो सही इलाज किया जाता है न हीं लाभ दिया जाता है. ऐसे में मजदूर श्रम विभाग में धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर हैं। प्रदर्शन के बाद श्रम विभाग के अधिकारियों ने पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में कार्यवाही का आश्वसान दिया। ट्रेड यूनियन ऐक्टू नेता अरविंद वर्मा ने कहा कि श्रमिकों के शोषण पर रोक लगाने का काम श्रम विभाग का है परंतु कई बार विभाग को पत्र देने के बावजूद श्रम विभाग प्रबंधन को मनमानी करने की छुट दिये हुए है, ऐसे में मजदूर कहाँ जायेंगे। प्रदर्शन मे यूनियन के संगठन मंत्री अरविंद वर्मा, चरण सिंह, जयशंकर ,अमरपाल ,जय प्रकाश राय ,श्रवण कुमार, छत्रपाल ,सत्यपाल ,करण सिंह ,जितेश चंद्र, राजेश कुमार ,ओमप्रकाश, पुरुषोत्तम, हेमराज, शैलेंद्र सिंह ,हारून ,अशोक कुमार, नवल किशोर, मोहन स्वरूप, रामानंद, उदय पाल, रंजन कुमार , लक्ष्मण सिंह ,धर्मेंद्र पटेल सहित दर्जनों श्रमिक मौजूद थे ।

# मुख्य सूचना आयुक्त ने आयोग के क्रिया कलापों व गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण दिया

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) के समक्ष मंगलवार को राजभवन सचिवालय में मुख्य सूचना आयुक्त अनिल चंद्र पुनेठा ने आयोग के क्रिया-कलापों व गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण दिया। उनके द्वारा सूचना का अधिकार नियम की विस्तृत जानकारी, इसके इतिहास व उद्देश्यों को विस्तार से प्रस्तुत किया गया। उन्होंने सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत राजकीय कार्यालयों व अधिकारियों की जिम्मेदारियां, उत्तराखण्ड में इसकी प्रगति, निपटायी गयी अपीलों एवं लम्बित अपीलों आदि की जानकारी राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत की। उन्होंने सूचना का अधिकार के अन्तर्गत जनपद और विभागवार की गयी अपीलों का विवरण प्रस्तुत किया। राज्यपाल ने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम का उद्देश्य लोक प्रशासन को पारदर्शी, भ्रष्टाचार मुक्त और राजकीय अधिकारियों को उत्तरदायित्वपूर्ण बनाना है। उन्होंने कहा कि आयोग में प्राप्त अपीलों की प्रकृति के आधार पर एक



विश्लेषणात्मक सुझाव सरकार व शासन को सौंपे जिसके आधार पर उन विभागों और क्षेत्रों में सुधार के प्रयास किये जा सके। उन्होंने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें जिससे लोग जागरूक हो सके। लोगों को समय से और सही सूचनाएं मिलें इसके लिए लोक सूचना अधिकारियों और प्रथम अपीलीय अधिकारियों के प्रशिक्षण समय-समय पर आयोजित कराये जाए। उन्होंने कहा कि आयोग को समय के साथ नई तकनीकी को अपनाने पर भी जोर दिया जाना चाहिए। इस अवसर पर राज्य सूचना आयुक्त विवेक शर्मा, विपिन चंद्र, अर्जुन सिंह, विधि अधिकारी सर्वेश गुप्ता उपस्थित रहे।

# अन्तर्राष्ट्रीय कबड्डी सहित अन्य खेलों के विजेताओं को किया पुरस्कृत

## ट्रैक्टर टोचन प्रतियोगिता में नवाबगंज के नीटा प्रथम

गदरपुर(उद संवाददाता)। देश-विदेश में ख्याति प्राप्त क्षेत्र के मीरी पीरी खालसा अकेडमी रतनपुरा के 5वें अन्तर्राष्ट्रीय कबड्डी कप के दूसरे दिन उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय विधायक आकाश सक्सेना एवं सिंचाई मंत्री बल्देव सिंह औलख ने संयुक्त रुप से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया । इसके उपरान्त उनके द्वारा विद्यालय में बनने वाले स. हरबंस सिंह मैमोरियल बायज हास्टल एवं बीबी बचन कौर गर्ल्स हास्टल का भी उद्घाटन किया। खेलों की शुरुआत सभ्याचार झांकी के रुप में की गयी। कबड्डी कप में दूसरे दिन होने वाले मुकाबले में ट्रैक्टर टोचन प्रतियोतिगता में नवाबगंज के नीटा ने प्रथम स्थान, नवाबगंज के ही बलवीर सिंह ने द्वितीय स्थान एवं गहलुईया के रन्जीत सिंह तीसरे स्थान पर रहे। कबड्डी में पहला मुकाबला सुक्खी पुर की टीम एवं मालवा जगराउन के बीच हुआ जो कि 43 पाइंट से सुक्खीपुर की टीम ने जीता । कबड्डी में दूसरा मुकाबला डीएवी जालन्धर की टीम एवं रॉयल









किंग के बीच हुआ जो कि 11.5 पाइंट से डीएवी जालन्धर की टीम ने जीता । कबड्डी का रोमांचक मुकाबला पंजाब एवं हरियाणा की लड़कियों की टीम के बीच हुआ जो कि 4.5 पाइंट से पंजाब की लड़कियोंकी टीम ने जीता । अन्य मुकाबलों में 200 मी0 विद्यालय के महिला टीचर्स की रेस में पहले स्थान पर नवाबगंज की जितेन्द्र कौर ,दूसरे स्थान पर अनीता रानी अफजलगढ, तीसरे स्थान पर नीलम अफजलगढ एवं अन्तिम स्थान पर अमनप्रीत कौर नवाबगंज रही ।200 मी0 विद्यालय के पुरुष टीचर्स की रेस में पहले स्थान पर रवि शुक्ला, दूसरे स्थान पर बलविन्दर सिंह, तीसरे स्थान पर गुरुप्रीत सिंह रहे ।इसके अलावा बुर्जगों की रेस में पहला स्थान नवाबगंज के रंजीत सिंह,दूसरा स्थान जोगेन्द्र सिंह अफजलगढ एवं तीसरा स्थान जगमोहन सिंह ने प्राप्त किया ।महिलाओं की मटका रेस में पहला स्थान गुरप्रीत कौर नवाबगंज, दूसरा स्थान चकफेरी की तारा देवी एवं तीसरा स्थान तरनजीत कौर नवाबगंज ने प्राप्त किया। रस्सा कस्सी प्रतियोगिता में नवाबगंज की महिलाओं एवं मीरी पीरी खालसा अकेडमी की महिला शिक्षिकाओं में हुआ जिसमें नवाबंज की महिलाओं ने बाजी मारी ।रस्सा कस्सी प्रतियोगिता में नवाबगंज के पुरुषों एवं मीरी पीरी खालसा अकेडमी के पुरुष शिक्षकों में हुआ जिसमें मीरी पीरी के शिक्षकों ने बाजी मारी। कबड्डी लोकल का फाइनल सुहावाला एवं मीरी पीरी खालसा अकेडमी के बीच खेला गया जिसमें सुहावाला की टीम ने 10 पाइंट से मैच जीता। सेमी फाइनल मैच डीएवी कालेज जालन्धर एवं सखन के चंड्डा के बीच खेला गया जिसमें डीएवी कालेज जालन्धर 14 पाइंट से विजयी रहा । गुरद्वारा श्री गुरु हरगोबिंद सर के जत्थेदार बाबा अनूप सिंह द्वारा आयोजकों के सहयोग से सभी विजय टीमों को स्मृति चिन्ह एवं नगद धनराशि प्रदान कर सम्मानित किया गया वही उत्कृष्ट कार्य करने वाली एकेडमी तथा अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं को भी सम्मानित किया गया स इस मौके पर मैनेजमेंट कमेटी के चौयरमैन, कै. जगतार सिंह, मैनेजर कर्नल गुरुदेव सिंह, श्रीमति मन्दीप कौर प्राचार्या, डा. अमर सिंह, बलविन्दर सिंह बिल्ला, प्रदीप बंसल, महेन्द्र सिंह अहाली एसजीपीसी अमृतसर, बाबा जोगा सिंह, बाबा गुरमीत सिंह, रंजीत सिंह, अमरीक सिंह, सेवक सिंह, जरनैल सिंह काली , हरमनजोत सिंह, मुख्तयार सिंह मक्कड़, प्रतपाल सिंह मक्कड़, कश्मीर सिंह, जसवीर सिंह बठला, सोनू सोहल, मलकीत सिंह बाजवा, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, हरबंस सिंह अध्यक्ष गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता कमेटी ,नरेंद्र सिंह ग्रोवर आदि तमाम क्षेत्रवासी मौजूद थे। खेलों का संचालन सरबजीत सिंह प्राचा ने एवं मंच संचालन बलजीत कौर एवं शरनजीत कौर ने किया ।